EKAL PRAYAS
Reflecting the Spirit of Ekal Abhiyan
September-October, 2026 Vol-17 No. 4

EKAL ABHIYAN
A PEOPLE'S MOVEMENT

एकल प्रयास
एकल अभियान का प्रतिबिंब
Pages 44

Celebrating 100TH ISSUE of EKAL PRAYAS

आंध्र-तेलंगाना में एकल से जनजागरण की गाथा





Wrapped
in Love
Possibilities
Infinite
PRISM JEWELLERY
Jitendra Bhansali Group Company
Contact:
Sanket Jain | 98200 98884
sanket@prismjewellery.com
Amar Bhansali | 98200 94440
amar@prismjewellery.com
Pranay Shah | 98200 28461
pranay@prismjewellery.com
Dharam Bhat | 98730 08510
dharam@prismjewellery.com
Raumil Sanghavi | 9833208447
raumil@prismjewellery.com
309 – 311 , A-1, Shah & Nahar Ind. Estate, Sitaram Jadhav Marg, Lower Parel (W),
Mumbai – 400 013, Maharashtra, India. Tel No.+91-22-43484348

EKAL PRAYAS

Reflecting the Spirit of Ekal Abhiyan

September-October, 2026 Vol-17 No. 4

Editor
Manju Srivastava

Co-Editor
Siddhartha Shankar Gautam

Editorial Board
Nishi Agarwal
Praveen Arya

Editorial Coordinator
Harsh Malik

Area Co-Ordinators

N. Madhavan
(Andhra Pradesh, Karnataka, Kerala, Tamil Nadu and Telangana)

Ramesh Limbu - Northeast
(Assam, Arunachal Pradesh, Manipur, Sikkim and Tripura)

Sanjay Malviya
(Chhattisgarh, Madhya Pradesh and Uttar Pradesh)

Sheshrao Meshram
(Gujarat, Maharashtra and Rajasthan)

Vijay Kanwar
(Himachal Pradesh, Jammu, Kashmir, Ladakh, Punjab and Uttarakhand)

Art Consultant
Sandeep Kumar

Head Office
Ekal Prayas, 1st Floor, Plot No. 8
Local Shopping Complex, Okhla Phase-II
New Delhi - 110 020.
Phone: 011-4050 3331.
Fax: 011-4050 3332.
E-mail: ekalprayas@ekal.org

Awake, Arise and Achieve

प्रिय पाठक,

'एकल प्रयास' अपनी यात्रा के **100वें अंक** में प्रवेश कर रहा है और इस यात्रा ने समाज को एकल अभियान से परिचित करवाया है। मैं सभी सुधि पाठकों, कार्यकर्ताओं एवं मेरी टीम को बधाई देती हूँ।

'ग्राउन्ड जीरो' के अंतर्गत एकल प्रयास के हमारे साथी सिद्धार्थ शंकर गौतम पहली बार दक्षिण भारत के आंध्र प्रदेश और तेलंगाना पहुँचे, जहाँ उन्होंने एकल से जनजागरण की गाथा का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। भाषा की कठिनाइयों के बाद भी हमारे एकल के कार्यकर्ताओं ने जिस प्रकार सिद्धार्थ का मार्गदर्शन करते हुए उनके प्रवास को सुगम बनाया और उन्हें दूरस्थ ग्रामीण अंचलों तक पहुँचाया, उसके लिए मैं सभी को साधुवाद देती हूँ। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में एकल की पंचमुखी शिक्षा के चलते बड़े पैमाने पर बदलाव हुए हैं, जिनमें शिक्षा–संस्कार से लेकर स्वावलंबन तक के विषय में आप इस बार पढ़ेंगे।

एकल अभियान की तृतीय वार्षिक बैठक दिल्ली में सौहार्दपूर्ण एवं बंधुत्व भाव के साथ सम्पन्न हुई, जिसमें एकल अभियान के अगले वर्ष की कार्य–सूची एवं कार्य योजना पर गहन मंथन हुआ। इसके अलावा भाग्यनगर में वनबंधु परिषद् का वार्षिक सम्मेलन भी सार्थक चर्चा, आत्मचिंतन तथा आपसी संवाद के लिए हमेशा याद किया जाएगा।

एकल ग्राम संगठन के तहत एकल को जानो जहाँ समाज के सभी वर्गों में एकल अभियान को पहुंचा रहा है वहीं एकल संस्थान के ग्रामीण अनुभव कार्यक्रम (Rural Immersion Programme) से जुड़कर कॉलेज के विद्यार्थियों को एकल की पंचमुखी शिक्षा का प्रत्यक्ष अनुभव हो रहा है।

एकल ग्लोबल के चेयरमैन श्री नरेश कुमार का जीवन इस बात का द्योतक है कि कैसे कोई भामाशाह होकर भी अपने संस्कारों और अपनी जड़ों से जुड़कर समाज को 'देने के भाव' से कार्य करता है। सभी को गले लगाकर अपना बनाने वाले श्री नरेश कुमार एक स्वाभाविक नेतृत्वकर्ता हैं।

इसके इतर विभिन्न आयोजनों, कार्यक्रमों आदि ने भी एकल अभियान को जीवंत रखा है। सितंबर माह शिक्षकों को समर्पित है और एकल अभियान की रीढ़ ही हमारे आचार्य/आचार्या हैं। मैं सभी को शुभकामनायें देती हूँ। शेष, अगले अंक में आपसे पुनः भेंट होगी।

आपकी
मंजु 'दीदी'
manju@ekal.org

C O N T E N T S

11

COVER STORY
आंध्र-तेलंगाना में एकल से जनजागरण की गाथा
सिद्धार्थ शंकर गौतम

1. Standing Tall 07
2. Roundup 37
3. Vanyatra 40
4. Vanvasi Shourya Gatha 41



05
Ekal's Historic Journey
(Excerpts from Swaraj Ka Shanknaad)

26
40 वर्षों का विश्वास...
रूपा अग्रवाल

31
Ekal Rural Immersion...
Sunila Bhatia

33
FTS Launches Health ...
FTS, Kolkata

Published and Printed by Ekal Vidyalaya Foundation of India from 1st Floor, Plot No 8, Local Shopping Complex, Okhla Phase-II, New Delhi - 110 020. Owner: Ekal Sansthan Printed at - Viba Press Pvt. Ltd., C - 66/3 Okhla Industrial Area - II, New Delhi - 20. Editor - Manju Srivastava. All rights reserved. Reproduction in any form with written permission only. All disputes are subject to the jurisdiction of competent Courts in Delhi/New Delhi only.

INOX AIR PRODUCTS

GASES FOR GROWTH

800+ HOSPITALS SERVED

4+Cr. Km/Yr TRAVELLED BY THE FLEET

20+ INDUSTRIES SERVED

3000+ CUSTOMERS

6+ DECADES IN BUSINESS

>5000+ TPD LIQUID MANUFACTURING CAPACITY

1900+ PERMANENT EMPLOYEES

740+ FLEET SIZE

55+ OPERATING LOCATIONS ACROSS 17 STATES

INOX AIR PRODUCTS LIMITED

A-2, TTC Industrial Area, Off Thane-Belapur Road, MIDC, Pawane, Navi Mumbai, Thane- 400710

info@inoxap.com www.inoxairproducts.com

Continued...

SARVA SHIKSHA ABHIYAN

(UNIVERSAL ELEMENTARY EDUCATION PROGRAMME OF THE GOVERNMENT) AND THE EKAL ABHIYAN

Since the Parliament of India passed the Right to Education Act, it has been debated what is the purpose of running the Ekal schools now? The government has allocated thousands of crores of rupees for its much-touted Sarva Shiksha Abhiyan (SSA). Primary education has reached every village in the form of government schools. The children are also encouraged to join schools through schemes like Mid-day Meal. Then why should they come to the Ekal schools? Shyam ji understands this query and explains: First, we must understand that there is a fundamental difference between society and government. This difference also influences people's perception about the SSA and the Ekal Abhiyan. A system like that of the government could be huge and flush with cash and other resources, but the termites like corruption, inept bureaucracy and politics will make it hollow and it will crumble on its own. Its productivity will be limited. On the other hand, we are imparting value-based education. How can vices prevalent in the government system compete with the values of the Ekal? The SSA only teaches three subjects (Language, Math and General Knowledge). The Ekal teaches four additional subjects (Moral Education, Health, Handicraft and Yoga-Sports). Thus, the Ekal maintains its edge and utility. Yes, we have noted a difference. When we started the Ekal 30 years ago, we used to attract compulsory students in bulk, but now we get more extra students in every region instead of the compulsory ones. In the government schools, students enroll themselves for the sake of the midday meal, but most of them don't study there. In small provinces, yes, the government is doing a fine job, and students are getting good education at the government schools. But, even in these provinces, parents take keen interest in the Ekal schools as the moral education of the Ekal school impresses them a lot.'



Siddhartha Shankar Gautam

When a child gets up in the morning, he or she touches his or her parents' feet. He or she recites mantras before touching food. He or she respects elders and avoids abusive language and unworthy sports activities. He or she tries to become an ideal boy or girl. Which parents would not like to have such children?

We may accept the fact that our country has progressed quickly in the last 20-30 years. Earlier, we only had Ekal schools in villages, now even government schools have arrived in every village. So, now the Ekal has taken the role of the supporter of the village education. The Ekal has a significant role in making the government effort more effective and competitive. However, one very important aspect remains invisible to everyone. Children study in primary and elementary government schools, but the rate of dropout during or after completing school is very high there. In such a desperate situation, who will motivate children to prepare



themselves for further education? The government system has its sharp limitations. It will be unreasonable or impractical to expect emotional efforts from the government system. Here comes the responsibility of society to educate the children who somehow remain deprived of proper and complete education. The Ekal has this responsibility. It has generated matchless social harmony in villages and filled the parents with full confidence to push their children towards education. This effort of the Ekal has no parallel. One more thing distinguishes the Ekal from the government system: the Ekal plans overall all-round development of the village through education. Its definition of education is different from that of the government. Originally, the syllabus of the Ekal had four-dimensional education for its students (Elementary Education, Health Education, Village Development and Developing Self-respect), yet it also organizes weekly classes for the parents and guardians of the students (meaning common villagers). The government education is limited to classroom education; the Ekal emphasizes functional education that provides life skills. The SSA's vision is only limited to its schools and their functioning, but Ekal's target is to develop the whole village. The SSA is admittedly doing fine, yet the Ekal has maintained its uniqueness and utility.

The Ekal has made its mission clear from the very beginning—to educate and empower the tribal or forest-dweller community to make India stronger. So, the Ekal school is functioning as the bridge between residents of cities and rural tribals. Can the government's SSA perform this task? When urban and affluent families consider educating tribal children as their responsibility and the tribal families see in urban dwellers their sympathizers, we can only imagine the power of this enormous psychological connection. It will produce wonders for our country. More than 1,00,000 Ekal schools have woven an unprecedented relationship between urban India and tribal India, and this horizon will only further widen in the future. The enormity of this task and its importance in the progress of rural India can't be imagined. It can't have any other better alternative. Its contribution towards nation building is mammoth. Hence, SSA schools may perform at a scale of excellence, the Ekal schools will continue to serve the society and nation in their quintessential way.

The flip side of the SSA is also that children educated in government schools drop interest in traditional work like agriculture. They only dream of government and private jobs. Consequently, the villages are being uprooted, and jhuggi-type settlements are increasing in cities. The agricultural lands and gardens are lying unattended and are slowly decaying. The Ekal has also ruminated on such remedies and has included certain steps for this purpose in its charter of plans. It is planning to establish Gramothan and Swablamban Prashikshan Kendra (Self-reliance Training Centre) in each zone while protecting the greenery and protecting the nature. It means village youth will be trained to generate employment in their villages themselves. They will study in their village and open their start- up in the same village. But we must keep in mind that the government can never replace society, so the answer must come from society itself. Both society and the government have their separate roles in solving the problems of the country. If the government has Dhan (money), the society has dharma (conviction). The base of the government's efforts is money, while society connectss through links of affection. The government's efforts are vulnerable to malignant things like corruption and reliance on government machinery, but society works via goodwill that creates a sense of self-reliance and love for values. Government education is giving rise to demand for government and private jobs. Social efforts are leading to the generation of self-employment, which is the basis of a life full of self-respect. Hence, let the government do its work, and the society will shoulder its share of responsibility.' ■

(To be Continued...)

EKAL PRAYAS
A Family Magazine With Social Concern
एकल प्रयास
सामाजिक सरोकार की पारिवारिक पत्रिका

Enterprise with Purpose

"The true measure of achievement is not only what we build for ourselves, but what we enable others to build for their future."
- Naresh Kumar

Sri Naresh Kumar's journey from pioneering industry to empowering Bharat's villages reflects a simple belief: achievement matters most when it enables others to build a better future. For him, "standing tall" has never meant rising above others, but using decades of enterprise, experience and influence to lift people up beginning with education as a pathway to dignity, independence and stronger village life.

Born on 1 January 1954 in Darjeeling into a Haryana family known for entrepreneurial drive and service, Naresh Kumar grew up with two enduring instincts: readiness to act and a sense that success carries an obligation. Throughout his life, he has sought to unite these values by building institutions through hard work and discipline and directing their strength toward public good.

A Pioneer's Mindset

A distinguished student, he topped Mechanical Engineering at YMCA, UST, Faridabad, now J. C. Bose University of Science and Technology. He later served several terms as president of its alumni association. His engineering education provided the foundation for an entrepreneurial career in a sector that was then largely unfamiliar territory for Indian industry. As a promoter, he was among the pioneers who helped build India's capacity in offshore oil-and-gas drilling in a private sector. His group's rigs worked for ONGC, and the business later expanded to other national and international oil companies. He also carried his experience into industry forums in India and abroad, contributing to the sector's future. His leadership earned recognition. He became the first Asian to serve on the Excomm of the International Association of Drilling Contractors (IADC) USA (Estd 1940), was the founding Vice Chairman of its South-Central Asia Chapter. In India, he chaired the Oil & Gas Services Division of the Confederation of Indian Industry (CII) and served on its National Council, as well as on FICCI's National Hydrocarbon Committee. At the Petrotech Society, the largest oil and gas association in Asia, he was a founding member and served four terms as President. The Government of India included him in its Hydrocarbon Restructuring Group, where policy ideas he advocated were adopted. His contributions received awards, including an Industrial Excellence Award and an international honour presented in Madrid, Spain. The thread in his career is his willingness to enter unfamiliar territory, build Indian capacity, unite people and create enduring institutions.

From Achievement to Seva

The same institution-building instinct shaped Sri Naresh Kumar's philanthropy. Education, skills and health have remained central priorities,

Naresh Kumar

rooted in his conviction that meaningful progress begins by expanding people's capabilities. He has supported and served as trustee for charitable initiatives including PL – RL Charitable trust, the Mahabharti Sanskriti Research Trust, Acharya Mahamandleshwar Swami Ganeshanandji Maharaj Dharmarth Trust, active in education and social upliftment in Haryana and few others. In 2014, he became Vice Chairman of the World Hindu Congress, which brought together more than 2,000 delegates from 53 nations. His philosophy has remained consistent: goodwill becomes effective seva when combined with organisation, shared leadership and clear purpose. Idea of CSR was envisioned by him, suggested and discussed with the then Prime Minister, resulting finally in its implementation. Latest being more than Rs 40,000/- Crores in year 25-26 alone for social welfare.

The Ekal Commitment

Ekal Abhiyan represents perhaps the clearest expression of this philosophy. Ekal's distinctive strength lies not only in bringing education to rural and tribal communities, but in



building a model rooted in the village itself—with teachers drawn from local communities, active participation, respect for local culture and the belief that each child can become the starting point for wider transformation. Sri Naresh Kumar's role in the movement has evolved into institutional leadership. He now Chairs the Trust Board of Ekal Global Foundation and serves as a Trustee Ekal Vidyalaya Foundation USA, Ekal Gramothan Foundation and Bharat Lok Shiksha Parishad. These roles connect international support, education, Skills, Aarogya, Culture and Integrated Village development. His contribution extends beyond financial support. He strengthens governance, connects committed people, widens the support base and aligns Ekal's branches around a common purpose. Ekal's growth beyond 100,000 schools and reach to millions of children are milestones, but Sri Naresh Kumar believes scale matters only when connected to quality, relevance and measurable village-level change while inculcating the sense of Responsibility.

To quote him, "Ekal does not merely educate a child. It awakens confidence, capability and self-reliance across the entire village."

Village Transformation

According to Sri Naresh Kumar, as India's education system changes and government schools reach more communities, Ekal's role must evolve. It can address gaps where last-mile presence, trust and adaptability remain essential. The village classroom can become an entry point to digital literacy, health and hygiene awareness, vocational training, income opportunities, environmental stewardship and deeper community engagement grounded in Human Values. Success should not be measured only by numbers of schools or students, but by how many villagers become more capable, confident and self-reliant.

Youth Must Own the Mission

For Sri Naresh Kumar, the future of any movement depends on whether the next generation truly makes it its own. Young people should not be limited to attending events or contributing to occasional drives; they need responsibility, freedom to experiment and genuine ownership of the mission's future. Young Indians in India and across the diaspora bring technological confidence, new communication methods and a desire for tangible impact. Ekal can channel this energy through volunteering, mentoring, social enterprise, digital-first learning and direct engagement with villages. Experienced leaders, in turn, should increasingly become mentors, passing on institutional knowledge while creating space for new leadership.

Women at the Centre

Sri Naresh Kumar recognizes that women already drive much of Ekal's grassroots impact, particularly the Acharyas and other workers who build trust within families and communities. But, for him, the next phase should expand women's leadership at village, regional, national and global levels. Education, skills and leadership opportunities for women create benefits that extend far beyond the individual. Children benefit, families become stronger and communities gain a stronger voice. Women's leadership is therefore not an additional element of Ekal's mission; it is central to achieving lasting transformation.

Standing with Others

Three pursuits define Naresh Kumar's life: quality, discipline, building businesses and institutions besides serving others. His business career demonstrates the courage to enter new territory; his work with industry and public bodies reflects his ability to unite people and shape outcomes; and his commitment to Ekal shows how these capabilities can serve society. The Ekal he envisions is human while embracing technology, rooted in culture while preparing communities for future, and able to partner with public institutions without losing grassroots agility. Its next chapter should place greater responsibility in the hands of women and youth. **Sri Naresh Kumar has summed up his journey in these beautiful words - Standing tall, in the end, is not a solitary achievement. It is the quieter strength of standing alongside others—so a child can learn, a woman can lead, a young volunteer can take charge, and an entire village can rise with confidence and lasting social impact, resulting in a Prosperous & Responsible Bharat.** ■

Editorial Team



स्मृतिशेष श्री कृष्ण लाल चुघ
1937–2026

।। शुचयः शुचिमपि यन्ति लोकम् ।।

– अथर्ववेद 4/34/2

''पवित्रात्मा लोग मृत्यु के उपरान्त पवित्र लोकों को प्राप्त करते हैं''

Ekal Vidyalaya Foundation of India pays deep homage to its illustrious member of the team of Founder Trustees, the Settlor and Chairman of this Trust founded in the year 1999.

The seed sown through him has become today a giant banyan tree assuming Global dimensions, being ceaselessly supported by innumerable overseas Indians staying connected with their roots.

Ekal Abhiyan enjoys the envious position of an unparalleled NGVO running nearly one lakh Ekal Vidyalaya across India, serving the downtrodden segment in Tribal & Rural areas of our country.

With sympathy and regard
Ekal Family

संस्कृत भाषा में अद्वितीय उपलब्धि

चांदनी शर्मा को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स एवं एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में मिला स्थान

सामाजिक एवं संगठनात्मक क्षेत्र में श्रीमती चांदनी शर्मा का योगदान उल्लेखनीय रहा है। वर्तमान में वे एकल विद्यालय महिला शाखा, कोकराझार में सचिव तथा पश्चिम पूर्वोत्तर संभाग में अध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं।

श्रीमती चांदनी शर्मा इंटरनेशनल महिला काव्य मंच तथा विश्व हिन्दू परिषद् की सक्रिय सदस्य भी हैं। श्रीमती शर्मा ने संस्कृत भाषा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स एवं एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। यह उपलब्धि

श्रीमती चांदनी शर्मा

उनके अथक परिश्रम, दृढ़ संकल्प तथा परिवार के निरंतर सहयोग का परिणाम है।

अपने रिकॉर्ड प्रयास के दौरान उन्होंने 3 मिनट में 74 संस्कृत श्लोकों का वाचन तथा 3 मिनट में 30 श्लोकों का लेखन कर अपनी असाधारण क्षमता का प्रदर्शन किया। अपनी इस उपलब्धि पर उन्होंने कहा कि "संस्कृत में रिकॉर्ड प्राप्त करना मेरे लिए अत्यंत गर्व, सम्मान और सौभाग्य की बात है। संस्कृत हमारी पहचान है, हमारी विरासत है और हमारे गौरव का प्रतीक है।" ■

संपादकीय टीम, एकल प्रयास

रतनलाल शांतिस्वरूप श्रीहरि शिक्षा सदन का लोकार्पण समारोह

हर समाज में कुछ ऐसी विभूतियाँ जन्म लेती हैं, जिनका जीवन केवल उनके अपने लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के निर्माण के लिए समर्पित होता है। वे अपने कर्मों से समाज को ऐसी आधारभूमि प्रदान करती हैं, जहाँ शिक्षा केवल ज्ञानार्जन का माध्यम नहीं रहती, बल्कि संस्कार, सेवा, संस्कृति और राष्ट्रबोध के साथ जीवन–निर्माण का साधन बन जाती है। ऐसे ही महापुरुषों के जीवन में 'सत्यम, शिवम, सुन्दरम' का साकार समन्वय दिखाई देता है।

जब कोई संस्था आने वाली पीढ़ी के चरित्र–निर्माण और संस्कार–संपन्न शिक्षा के लिए अपना जीवन, समय और संसाधन समर्पित करती है, तब उसका प्रत्येक प्रयास समाज के भविष्य में निवेश बन जाता है। इसी महान भावना का सजीव प्रतिफल है, रतनलाल शांतिस्वरूप श्रीहरि शिक्षा सदन।

एकल श्रीहरि एजुकेशनल ट्रस्ट, आगरा द्वारा लगभग 1,240 वर्ग गज भूमि पर इस आवासीय शिक्षा परिसर का निर्माण किया गया है। यह निर्मित

भवन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, संस्कार–निर्माण और भारतीय जीवन–मूल्यों से परिचय कराने का एक सशक्त केंद्र है। यहाँ विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ–साथ अनुशासन, सेवा, संस्कृति, राष्ट्रभक्ति और जीवन–मूल्यों का प्रशिक्षण प्रदान करने की परिकल्पना की गई है।

इस परिसर के निर्माण की यात्रा भी अपने आप में प्रेरणादायी है। लगभग 1,240 वर्ग गज भूमि अनुदान के रूप में प्राप्त हुई और लगभग 12 महीनों की अल्प अवधि में इस भव्य भवन का निर्माण पूर्ण कर लिया गया।

भवन के निर्माण में करोड़ों रुपये की आवश्यकता थी किंतु जिस सहजता और स्वाभाविक गति से यह कार्य आगे बढ़ा, वह अपने आप में अद्भुत है। अपने उद्बोधन में श्रीहरि के महामंत्री श्री संजय गोयल ने इस यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि निर्माण कार्य के दौरान कहीं कोई बड़ी बाधा सामने नहीं आई और अत्यंत सहजता से यह भवन आकार लेता चला गया। यह निश्चित रूप से श्रीहरि परिवार की सामूहिक श्रद्धा, समर्पण और संगठनात्मक शक्ति का परिणाम है।

लोकार्पण समारोह में वात्सल्यमूर्ति पूज्य दीदी माँ साध्वी ऋतंभरा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह–सरकार्यवाह मा. श्री आलोक कुमार की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की आध्यात्मिक और राष्ट्रीय गरिमा को और अधिक ऊँचाई प्रदान की। वहीं, श्रीहरि सत्संग समिति के प्रमुख स्तंभ मा. श्री शांतिस्वरूप गोयल के सान्निध्य ने इस अवसर को और अधिक आत्मीय एवं प्रेरणादायी बना दिया।

इन सभी विभूतियों की उपस्थिति में रतनलाल शांतिस्वरूप श्रीहरि शिक्षा सदन का लोकार्पण केवल एक भवन का उद्घाटन नहीं था। यह संस्कारयुक्त शिक्षा, भारतीय संस्कृति और भावी पीढ़ी के चरित्र–निर्माण के एक नए अध्याय का शुभारंभ था।

आज जब शिक्षा के क्षेत्र में ज्ञान और कौशल के साथ–साथ संस्कारों की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक अनुभव की जा रही है, ऐसे संस्थान समाज के लिए आशा के दीपस्तंभ बनकर उभरते हैं। रतनलाल शांतिस्वरूप श्रीहरि शिक्षा सदन निश्चित रूप से उन विद्यार्थियों के जीवन को दिशा देगा, जो आगे चलकर समाज, राष्ट्र और मानवता के निर्माण में अपना योगदान देंगे। ■

प्रचार–प्रसार विभाग
एकल श्रीहरि, आगरा

आंध्र-तेलंगाना में एकल से जनजागरण की गाथा

गाँधी शांति पुरस्कार से सम्मानित विश्व के सबसे बड़े शैक्षिक संगठन एकल अभियान ने दक्षिण भारत के ग्रामीण अंचलों में शिक्षा-संस्कार का जो बीज बोया था, वह वर्तमान में पेड़ बनकर समाज को छाँव देने का कार्य करने लगा है। भाषा की कठिनाई के बावजूद मैं अपने प्रवास के क्रम में प्रभाग पी9 के 6 अंचल केंद्रों तक पहुँचा। स्थानीय कार्यकर्ताओं से टूटी-फूटी हिंदी में चर्चा की और उनकी भाषा तेलुगु को समझने का प्रयास करते हुए प्रवास किया। इस पूरे प्रवास में एक बात समझ में आई कि भाषा कोई भी हो, वह कभी आपके कार्य में बाधा नहीं बनती है।

प्रभाग पी9 के अंतर्गत 4 संभाग क्रमशः दक्षिण आंध्र, उत्तर आंध्र, दक्षिण तेलंगाना और उत्तर तेलंगाना आते हैं। कार्य की सुगमता और भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए इन चारों संभागों को 23 अंचलों में विभक्त किया गया है जहाँ वर्तमान में 3,468 एकल विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। इन एकल विद्यालयों में 54,503 बालिकाओं तथा 39,947 बालकों सहित कुल 94,450 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। यहाँ एकल विद्यालयों में बालिकाओं की संख्या में उत्तरोत्तर बढ़ोतरी महिला शिक्षा की दिशा में उल्लेखनीय कदम है।

कुल 221 एकल कार्यकर्ता पूरे प्रभाग में अभियान की योजनाओं को गति देते हैं। प्रभाग में 5 एकल श्रीहरि रथ, 9 सिलाई केंद्र, 3 आईवीडी संच, 2 आरोग्य शिक्षा संच सहित 3 टैब शिक्षा संच एकल अभियान की पंचमुखी शिक्षा को विस्तार देते हैं। प्रभाग पी9 आंध्र–तेलंगाना में टैब शिक्षा अर्थात ई–शिक्षा पद्धति पूरे देश में एकल अभियान द्वारा चलाई जा रही ई–शिक्षा से भिन्न है। प्रभाग में टैब शिक्षा अमेरिका का विशेष प्रोजेक्ट है जो एकल विद्यालयों में चलाया जा रहा है। एकल आचार्य/आचार्या ही इसे क्रियान्वित कर रहे हैं। ऐसे कुल 56 एकल विद्यालय चल रहे हैं। ग्राउन्ड जीरो की इस बार की रिपोर्ट में आप प्रभाग पी9 में एकल अभियान द्वारा चलाए जा रहे कई ऐसे क्रियाकलापों के बारे में पढ़ेंगे, जिन्हें पढ़कर आपको समाज की शक्ति तथा ग्रामीण भारत की जिजीविषा पर गर्व होगा।

शिक्षा और संस्कार का अनुपम संगम तोकपल्ली का एकल विद्यालय

तोकपल्ली गांव में संचालित एकल विद्यालय

एकल अभियान के अंतर्गत एकल विद्यालय मात्र एक शिक्षण केंद्र नहीं बल्कि दूरस्थ और वंचित क्षेत्रों में चरित्र निर्माण, सामाजिक चेतना तथा राष्ट्रभक्ति की अलख जगाने वाला एक महान अनुष्ठान है। दक्षिण आंध्र संभाग के प्रकाशम अंचल के संच येरागोंडापालम के तोकपल्ली गांव में संचालित एकल विद्यालय इसका एक उत्कृष्ट और अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। संच प्रमुख श्रीमती वीर नागेश्वरम्मा के कुशल नेतृत्व में संच में 28 एकल विद्यालय सफलता पूर्वक चल रहे हैं। तोकपल्ली का यह एकल विद्यालय प्रतिदिन 2 घंटे नियमपूर्वक संचालित होता है, जहाँ वर्तमान में 31 बच्चे नियमित रूप से शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। गांव में 5वीं कक्षा तक सरकारी प्राथमिक विद्यालय उपलब्ध है। एकल विद्यालय निष्पक्षता और सेवा भाव से सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक शिक्षा और संस्कारों के माध्यम से भारतीय मूल्यों से जोड़ रहा है। गत 2 वर्षों से आचार्या जिन्हें माताजी कहा जाता है; श्रीमती कृष्णा मल्लेश्वरी पूरे मनोयोग से बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा दे रही हैं। श्रीमती रामन्नमा, अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षण प्रमुख आचार्याओं के शिक्षण कौशल संवर्धन हेतु लगातार प्रयास कर रही हैं, वहीं श्री बी. वेंकटेश्वर नायक, अंचल अध्यक्ष, प्रकाशम क्षेत्र में स्वयं के कई शिक्षण संस्थान संचालित करते हुए भी एकल विद्यालयों को अपना मार्गदर्शन दे रहे हैं।

इस विद्यालय की सबसे विशेष बात प्रत्येक शनिवार को देखने को मिलती है। शनिवार के दिन यह विद्यालय गांव के मंदिर परिसर में आयोजित किया जाता है। विद्यालय के ठीक पश्चात् पढ़ने वाले बच्चों के माता–पिता भी वहाँ एकत्र होते हैं और साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया जाता है। शिक्षा के साथ–साथ संस्कार और समाज को एक सूत्र में पिरोने का यह सामूहिक उत्कर्ष का उत्कृष्ट उदाहरण है।

ग्रामोत्थान से संवरती ग्रामीण महिलाओं की तकदीर

सिलाई केन्द्र की प्रशिक्षिका के साथ ग्रामीण महिलाएं

केन्द्र में प्रशिक्षण देतीं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षिका

कम्प्यूटर ट्रेनिंग संटर की एक झलक

ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में शिक्षा एवं स्वावलंबन की अलख जगाने वाला एकल अभियान अपनी ग्रामोत्थान योजना के माध्यम से महिलाओं को आत्म–निर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। दक्षिण तेलंगाना के अंचल विकाराबाद में संचालित कौशल विकास केंद्र (SDC) ने यह साबित कर दिखाया है कि यदि ग्रामीण महिलाओं को सही दिशा और अवसर मिले तो वे न केवल अपने परिवार की आर्थिक रीढ़ बन सकती हैं बल्कि समाज के सामने सशक्तिकरण की नई मिसाल भी पेश कर सकती हैं।

विकाराबाद स्थित कौशल विकास केंद्र की सबसे बड़ी खासियत यह है कि मार्च, 2022 से इसका संपूर्ण संचालन महिलाओं द्वारा ही किया जा रहा है। यहाँ सिलाई, कंप्यूटर शिक्षा और ब्यूटी पार्लर जैसे रोजगारपरक विषयों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है। केंद्र में गृहिणियाँ और युवतियाँ बड़ी संख्या में कंप्यूटर सीखकर डिजिटल रूप से सक्षम बन रही हैं। इसके अलावा ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को ब्राइडल मेकअप, फेशियल और सौंदर्य कला की तकनीकें सिखाई जा रही हैं ताकि वे स्वयं का व्यवसाय शुरू कर सकें।

सुश्री टी. लक्ष्मी, सिलाई प्रशिक्षिका और सुश्री एन. शिल्पा, ब्यूटीशियन ट्रेनर अब तक क्रमशः 1,090 और 100 से अधिक महिलाओं को हुनरमंद बना चुकी हैं। विशेष रूप से उल्लेखनीय नाम सुश्री एम. सरिता का है जिन्होंने इसी केंद्र के पहले बैच में कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त किया था। आज वे स्वयं यहाँ कंप्यूटर ट्रेनर के रूप में 853 से अधिक महिलाओं को शिक्षित कर चुकी हैं। इस कौशल विकास केंद्र की सबसे बड़ी खूबी जो मैंने देखी वह यह कि यहाँ प्रत्येक कोर्स से संबंधित हैंड बुक तैयार कारवाई जाती है ताकि प्रशिक्षार्थी ज्ञान को जीवन भर लिखित रूप में भी सहेज कर रख सकें। इसके अलावा केंद्र के माध्यम से विभिन्न ग्रामों में 3 उपग्रह केंद्रों का भी संचालन किया जा रहा है।

पी9 जोन को–ऑर्डिनेटर श्री विनय पांडे ने बताया कि इस केंद्र के अलावा विभिन्न स्थानों पर भी सिलाई, कंप्यूटर और ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन किया जा रहा है जिनमें कौतालम के ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र से अब तक 40 महिलाएँ तथा सिलाई प्रशिक्षण द्वारा 235 महिलाएँ प्रशिक्षित हो चुकी हैं। वहीं जनगांव के सिलाई केंद्र के माध्यम से 240 महिलाएँ तथा 20 महिलाएँ ब्यूटी पार्लर का कोर्स कर चुकी हैं।

इस केंद्र में प्रवास के दौरान मेरी भेंट सिलाई के तीसरे बैच की छात्रा सुश्री यू. लावण्या से हुई जिन्होंने प्रशिक्षण के बाद अपने घर में ही सिलाई की दुकान शुरू की। आज वे डिजाइनर कपड़े सिलकर प्रति माह 20 से 25 हजार रुपये अर्जित कर रही हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने गांव की 2 अन्य लड़कियों को अपने यहाँ काम देकर रोजगार भी प्रदान किया है। इसी प्रकार 15वें बैच की छात्रा सुश्री के. वरलक्ष्मी ने किराए पर दुकान लेकर अपना व्यवसाय शुरू किया और आज आप 15 से 20 हजार रुपये प्रति माह कमा रही हैं। विकाराबाद की सुश्री राजश्री जहाँ अपनी सिलाई मशीन से 12 हजार रुपये प्रति माह कमा रही हैं, वहीं सुश्री डी. माहेश्वरी साधारण वस्त्रों के साथ–साथ ऊनी स्वेटर व धार्मिक अनुष्ठानों के परिधान बनाकर 10 हजार रुपये की मासिक आय अर्जित कर रही हैं।



स्वावलंबन की ओर अग्रसर ग्रामीण महिला शक्ति

ग्रामीण महिलाओं के साथ सिलाई प्रशिक्षिका

ब्यूटी पार्लर केन्द्र में संचालित सत्र

अपने प्रवास के दौरान मुझे दक्षिण आंध्र संभाग के अंचल प्रकाशम के संच मारकापुर स्थित महिला सशक्तिकरण केंद्र के प्रत्यक्ष अवलोकन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यहाँ संचालित सिलाई केंद्र और ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र के कार्य को देखकर यह स्पष्ट अनुभव हुआ कि किस प्रकार एक छोटा सा प्रयास ग्रामीण महिलाओं के जीवन में स्वावलंबन और आत्मविश्वास का नया उजाला भर रहा है।

महिला सशक्तिकरण केंद्र, मारकापुर की नींव जुलाई 6, 2025 को रखी गई थी। केंद्र की शुरुआत के साथ ही यहाँ सबसे पहले सिलाई केंद्र का संचालन प्रारंभ किया गया। इसके उपरांत महिलाओं की बढ़ती रुचि और रोजगार के नए अवसरों को देखते हुए जनवरी 1, 2026 से ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कोर्स की भी शुरुआत की गई। इस केंद्र का कुशल मार्गदर्शन को–ऑर्डिनेटर श्री साई सुब्बाराव द्वारा किया जा रहा है।

30 वर्षों के विशाल अनुभव के साथ प्रशिक्षिका श्रीमती आरती कुमारी केंद्र की स्थापना से ही सिलाई में महिलाओं को मार्गदर्शन दे रही हैं। वर्तमान में सिलाई का 5वां बैच चल रहा है जिसमें 40 महिलाएँ प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। केंद्र की शुरुआत से अब तक कुल 180 महिलाएँ सिलाई सीख चुकी हैं। इनमें से 20 से 25 महिलाओं ने अपनी स्वयं की सिलाई दुकान खोलकर आत्मनिर्भरता हासिल की है, जिसकी सूची संलग्न है।

इसके अलावा यहाँ ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कोर्स भी चल रहा है जिसकी प्रशिक्षिका हैं 36 वर्षीया श्रीमती जी. सुजाता जो शुरुआत से ही इस विभाग की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। वर्तमान में तीसरे बैच में 20 महिलाएँ प्रशिक्षण ले रही हैं, जबकि इससे पूर्व 40 महिलाएँ प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी हैं।

गणपवरम गांव; जो केंद्र से 40 किमी दूर है; की रहने वाली 12वीं पास सुनीता ने ब्यूटी पार्लर के प्रथम बैच में प्रवेश लिया था और वे प्रतिदिन उत्साहपूर्वक इतनी दूरी तय कर प्रशिक्षण लेने आती थीं। आज वे बिनुकोंडा के एक पार्लर में काम कर रही हैं, जहां उन्हें 5 हजार रुपये मासिक वेतन मिलता है। इसके अलावा वे विवाह व अन्य अवसरों पर घर से काम करके अतिरिक्त आय अर्जित करती हैं। इसी प्रकार मारकापुर की रहने वाली बहनें अलीवेलू (द्वितीय बैच), राजलक्ष्मी (द्वितीय बैच), दुर्गास्वरूपा (तृतीय बैच), नागारानी (तृतीय बैच), दुर्गा देवी (तृतीय बैच) ब्यूटी पार्लर क्षेत्र में कार्य करते हुए प्रति माह 5 से 7 हजार रुपये तक की सम्मानजनक आय अर्जित कर रही हैं। इसी केंद्र से प्रशिक्षण ले रहीं B.Com (Computer) स्नातक, सुश्री साई लक्ष्मी मेहंदी रचाने में महारत हासिल कर चुकी हैं और आपने घर से काम शुरू करके पहले ही महीने में 3 हजार रुपये की आय प्राप्त की है।

कुल मिलाकर मारकापुर में चल रहे ये सिलाई और ब्यूटी पार्लर केंद्र केवल कौशल विकास के माध्यम नहीं हैं, बल्कि ये ग्रामीण बहनों में आत्मसम्मान और आर्थिक स्वतंत्रता का बीजारोपण कर रहे हैं। उत्साह की बात तो यह है कि यहाँ शीघ्र ही कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत होने वाली है जिसके लिए क्षेत्र में उत्साह चरम पर है।

सिलाई सीखकर आत्मनिर्भर बनीं महिलाएं

नाम	उम्र	गांव	बैच	कमाई
एम. पदमा	29	मारकापुर	2nd	10–15 हजार
टी. नागलक्ष्मी	21	मारकापुर	4th	10 हजार
टी. चंद्रकला	28	एर्रागोंडा पालम (40 km दूरी)	4th	10–15 हजार
जी. मल्लेश्वरी	41	मारकापुर	3rd	8–10 हजार
जी. रमादेवी	30	निम्न दौलनाला (35 km दूरी)	4th	10–15 हजार
सुमंगला	50	रायवरम (10 km)	4th	5 हजार
सी. एच. सुधा	32	मारकापुर	4th	3 हजार
बी. राजलक्ष्मी	40	मारकापुर	1st	15 हजार
एम. श्रीलता	37	मारकापुर	1st	10 हजार
डी. श्रावती	37	मारकापुर	4th	5 हजार
आर. श्रावणी	31	मारकापुर	1st	5 हजार
सी. एच. तेजस्विनी	25	रायवरम	4th	3 हजार
एन. ज्योति	26	मारकापुर	2nd	5–10 हजार
पी. भवानी	24	मारकापुर	1st	10 हजार
पी. सुभाषिनी	33	सीता नागुलवरम (10 km)	1st	10 हजार

स्वावलंबन और परिवर्तन की नई भोर

ग्रामीण भारत के उत्थान और आत्मनिर्भरता के संकल्प को साकार करते हुए एकल अभियान निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। इसी कड़ी में दक्षिण तेलंगाना के नलगोंडा अंचल के संच हालिया में स्थित आईवीडी केंद्र ने शिक्षा, कौशल विकास और कृषि क्रांति के माध्यम से ग्रामीणों के जीवन में एक अभूतपूर्व सकारात्मक बदलाव की नींव रखी है। मार्च, 2022 से प्रारंभ हुआ यह केंद्र आज आसपास के 30 से अधिक गांवों तक अपनी पहुँच बना चुका है जिसका श्रेय आईवीडी समन्वयक श्री पी. वेंकटेश्वरलु और उनकी समर्पित टीम के अथक प्रयासों को जाता है।

महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के ध्येय से संचालित महिला सशक्तिकरण केंद्र (WEC) ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। सिलाई केंद्र की प्रशिक्षिका सुश्री एन. नागमणि के मार्गदर्शन में अब तक 373 महिलाओं ने सिलाई का व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में 18वें बैच में 15 युवतियां सिलाई सीख रही हैं। इसी क्रम में पंगवानीकुंटा स्थित सिलाई उप–केंद्र की प्रशिक्षिका सुश्री एन. उमा के नेतृत्व में 64 लड़कियां प्रशिक्षण पूरा कर चुकी हैं और 10 नई छात्राएं आत्मनिर्भर बनने की राह पर हैं। सिलाई केंद्र के इतर 8 उपग्रह केंद्र जिन्हें Satellite Centres कहा जाता है, का विस्तार भी हुआ है। ये उपग्रह केंद्र पेद्देवेलापल्ली, मुकुंदापुरम, तुम्बड़म, अनुमूला, कोमपल्ली, जानारेड्डी, कालोनी, एराचेंरुतंडा और पाहामवाटगुड़म जैसे सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित किए जा रहे हैं, जहाँ महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अपने

प्रवास में मेरी भेंट इसी केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी ममता से हुई जो आज अपने पैरों पर खड़ी होकर 8 हजार प्रतिमाह की आजीविका प्राप्त कर रही हैं। इसी प्रकार धनलक्ष्मी और संहुता भी प्रतिमाह 5 से 7 हजार प्रतिमाह की आय अर्जित कर रही हैं।

इसी आईवीडी में अक्तूबर, 2025 से प्रशिक्षिका सुश्री वी. गीता के मार्गदर्शन में शुरू हुए ब्यूटी पार्लर पाठ्यक्रम से अब तक 57 लड़कियां प्रशिक्षित हो चुकी हैं। प्रशिक्षण प्राप्त कर दीपिका, शिरिशा, कल्पना, सुरेखा, कविता और परिणा जैसी कई युवतियाँ अपने स्वयं के सेंटर चलाकर तथा व्यावसायिक काम करके 5 से 8 हजार प्रतिमाह तक की सम्मानजनक आय अर्जित कर रही हैं।

इसके इतर डिजिटल साक्षरता और कंप्यूटर शिक्षा जैसी आधुनिक युग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आईवीडी केंद्र में कंप्यूटर शिक्षा (CTL) पर भी विशेष बल दिया जा रहा है। मार्च, 2022 से प्रशिक्षिका सुश्री एन. सुजाता के नेतृत्व में 10 कंप्यूटरों से सुसज्जित लैब के माध्यम से अब तक 482 छात्र–छात्राएं डिजिटल रूप से साक्षर हो चुके हैं। कंप्यूटर प्रशिक्षण ने युवाओं के जीवन में नए द्वार खोले हैं। 24 वर्षीय श्री शिवा रेड्डी जो पूर्व में बिजली विभाग में लाइनमैन के रूप में कार्यरत थे, उन्होंने यहाँ से कंप्यूटर सीखा और आज आप TGSPDCL (विद्युत विभाग) हालिया में 20 हजार मासिक वेतन पर कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर सेवारत हैं। इसी प्रकार केंद्र से प्रशिक्षित 28 वर्षीय श्री ए. गणेश भी विद्युत विभाग के राजस्व प्रभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

पूर्व सीटीएल विद्यार्थी शिवा रेड्डी एवं ए. गणेश

आईवीडी हालिया के अंतर्गत ग्रामोत्थान और जैविक कृषि तथा पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य संवर्धन के लिए केंद्र के किसान मित्र श्री एस. गिरि एवं श्रीरामलु निरंतर प्रयासरत हैं। हालिया क्षेत्र में कार्यरत 4 किसान मित्रों ने अब तक 1,500 से अधिक किसानों तक जैविक खेती का संदेश पहुँचाया है, जिसके फलस्वरूप 200 से अधिक किसानों ने पूर्णतः जैविक कृषि अपना ली है। इसके अलावा गांवों में 150 से अधिक पोषण वाटिकाओं और 300 वर्मी कंपोस्ट बेड का निर्माण कराया गया है, जिससे ग्रामीण परिवारों को शुद्ध व पौष्टिक आहार मिलने के साथ–साथ मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ रही है।

आरोग्य योजना से आई स्वास्थ्य के प्रति जागृति

एकल आरोग्य संच को ऑर्डिनेटर आई. कविता के साथ आरोग्य सेविकाएं

एकल अभियान न केवल शिक्षा, बल्कि ग्रामीण भारत में आरोग्य और स्वावलंबन का सुदृढ़ दीप प्रज्जवलित कर रहा है। एकल आरोग्य फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अंतर्गत ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य चेतना, कुपोषण निवारण तथा जैविक उपचार पद्धतियों को जन–जन तक पहुँचाने का कार्य जारी है। आरोग्य सेविकाओं और संच समन्वयकों के निष्ठावान प्रयासों से दूर–दराज के गांवों में जो बदलाव आ रहा है, उसका प्रत्यक्ष अवलोकन मैंने अपने प्रवास में किया।

हालिया संच में आरोग्य सेवाओं का विस्तार

ग्रामीण स्वास्थ्य सुधार की दिशा में दक्षिण तेलंगाना के नलगोंडा अंचल के संच हालिया में आरोग्य फाउंडेशन का कार्य निरंतर प्रगति पर है। हालिया संच में आरोग्य गतिविधि के कार्य का शुभारंभ मार्च 29, 2022 को

हुआ था और तब से यह क्षेत्र स्वास्थ्य चेतना की एक नई मिसाल बन चुका है। इस क्षेत्र में आरोग्य गतिविधियों की समन्वयक सुश्री आर. कविता के कुशल नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाएँ संचालित की जा रही हैं। यहाँ की प्रमुख स्वास्थ्य गतिविधियाँ में आयुर्वेदिक उपचार, औषधीय पौधों का रोपण, आयुर्वेदिक दवाइयों का वितरण तथा औषधि वाटिका का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा महिलाओं एवं बच्चों में खून की कमी को दूर करने के लिए एनीमिया जाँच शिविर और जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। वहीं गांवों को बीमारियों से बचाने के लिए सोक पिट अर्थात सोखता गड्ढा का निर्माण कराया जा रहा है।

स्वास्थ्य चेतना से ओडिसी संच में आया जमीनी बदलाव

श्री सत्य साई अंचल के ओडिसी संच में स्वास्थ्य के प्रति जो क्रांति आई है, उसका मुख्य श्रेय यहाँ के समर्पित कार्यकर्ताओं और आरोग्य सेविकाओं को जाता है। इस संच में बी. श्रीरामुलु संच समन्वयक के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। संच में कुल 30 गांव आते हैं, जहाँ 15 आरोग्य सेविकाएँ घर–घर जाकर अपनी सेवाएँ दे रही हैं। प्रत्येक आरोग्य सेविका के जिम्मे 2 गांवों की जिम्मेदारी है। संच के बाबाजपल्ली, आकुकोयपल्ली, नारप्पागारीपल्ली, कोंडाकमारला, चौड़ेपल्ली गांव आदि प्रमुखता से आरोग्य गतिविधियों के केंद्र बने हुए हैं।

सैशयागारीपल्ली और टोंडापल्ली गांव में अलबेल अम्मा पिछले 3 वर्षों से आरोग्य सेविका के रूप में अनुकरणीय कार्य कर रही हैं। उनके प्रमुख कार्यों में कुटुंब सर्वे (परिवार सर्वेक्षण) अर्थात गांव के प्रत्येक परिवार के स्वास्थ्य एवं रहन–सहन का डेटा एकत्र करना, गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष जागरूकता सत्र आयोजित करना, घरेलू पोषण उपाय जैसे लोहे की कड़ाही में खाना पकाने के लाभ बताना ताकि एनीमिया से बचाव हो सके, स्वच्छता एवं पर्यावरण गतिविधि संचालित करना, गांवों में सोक पिट का निर्माण कराना, औषधि वाटिकाएँ तैयार करना आदि शामिल हैं। उनकी इस निष्ठा का सकारात्मक प्रभाव सीधे ग्रामीणों के जीवन पर दिखाई दे रहा है। गांव की 30 वर्षीया साईं शोभारानी बताती हैं कि आरोग्य सेविका दीदी के आने

आरोग्य सेविका अलबेल अम्मा ग्रामीणों से चर्चा करते हुए

से हमारे गांव की महिलाओं को बहुत बड़ा लाभ हुआ है। जो स्वास्थ्य संबंधी बातें महिलाएँ पहले संकोचवश किसी से साझा नहीं कर पाती थीं, अब वे बिना झिझक आरोग्य सेविका दीदी से कर लेती हैं और उन्हें सही समय पर सही उपचार व परामर्श मिल जाता है।

आरोग्य फाउंडेशन ऑफ इंडिया की साउथ जोन प्रभारी श्रीमती शांति वेंकटेशन ने बताया कि प्रभाग पी9 के दो संचों हालिया और ओडिसी के 62 गांवों में कुल 31 आरोग्य सेविकाएँ ग्रामीणों के स्वास्थ्य सुधार का कार्य कर रही हैं। भविष्य में आरोग्य फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा शीघ्र ही 6 से 8 नए संचों में आरोग्य गतिविधियों का विस्तार करने का विचार है।

श्रीहरि रथः ग्रामीण अंचल में भक्ति, संस्कृति और समरसता की अविरल धारा

जहाँ भाव और भक्ति का संगम होता है, वहीं समाज में परिवर्तन का बीजारोपण होता है। एकल अभियान के माध्यम से चल रहे श्रीहरि रथ सुदूर जनजातीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में केवल एक वाहन के रूप में नहीं बल्कि साक्षात प्रभु श्रीराम और सनातन चेतना के ध्वजवाहक बनकर पहुँच रहे हैं। अपने प्रवास के क्रम में मैंने दो अंचलों में एकल श्रीहरि रथ के माध्यम से आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक राष्ट्रीयता के भाव का जागरण देखा, जो निम्नलिखित है।

गांव–गांव में अयोध्या का साक्षात्कार

दक्षिण तेलंगाना के विकाराबाद अंचल के संच परगी स्थित ग्राम गढ़सिंगापुर में श्रीहरि रथ का आगमन एक उत्सव की भांति रहा। लगभग 3,000 की आबादी वाले इस गांव में 99 प्रतिशत हिंदू निवास करते हैं और यहाँ पिछले 6 वर्षों से एकल विद्यालय चल रहा है। दक्षिण तेलंगाना संभाग में वर्ष 2022 में पहली बार श्रीहरि रथ

पहुँचा था और तब से लेकर आज तक इसने ग्रामीणों के हृदय में सनातन का भाव दृढ़ता से पुष्ट किया है।

रथ के आगमन पर 200 से अधिक ग्रामीणों ने पूर्ण श्रद्धा और निष्ठा के साथ पूजन–अर्चन किया।

गांव के 65 वर्षीय बुजुर्ग श्री के. वेंकटैया ने भावुक होकर बताया कि हम तो अयोध्या नहीं जा पाए किन्तु श्रीहरि रथ में विराजित राम दरबार को देखकर ऐसा लगता है मानो अयोध्या से स्वयं प्रभु श्रीराम हमारे गांव पधारे हैं। उन्होंने कहा कि रथ आने से मन को असीम संतुष्टि मिलती है और हिंदू एकता मजबूत होती है। इस सांस्कृतिक बदलाव का प्रत्यक्ष प्रमाण यह है कि गांव की श्री पी. विजया (60 वर्ष), श्री टी. नरसिंहलू (38 वर्ष) और श्री वी. नरसिंहलू (58 वर्ष) जैसे समर्पित ग्रामीण अब प्रत्येक शनिवार को गांव के मंदिर में एकत्र होकर नियम से भजन–कीर्तन करते हैं।

संभाग उपाध्यक्ष श्री तुकाराम वसुदे (55 वर्ष) ने बताया कि श्रीहरि रथ के

एकल श्रीहरि रथ में स्थापित श्रीराम दरबार का पूजन करते ग्रामीण

माध्यम से गांव–गांव में सांस्कृतिक चेतना का संचार हुआ है। सबसे सुंदर परिवर्तन यह है कि गांव की महिलाएँ अपने–अपने घरों में सनातन प्रहरी बनकर संस्कृति की रक्षा और संवर्धन का दायित्व स्वयं संभाल रही हैं।

नशामुक्ति और संगठन शक्ति का पावन संदेश

उत्तर आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा अंचल के संच कृतिवेणु स्थित ग्राम मरपाराजु गूडम में जब एकल श्रीहरि रथ का आगमन हुआ तो पूरे गांव का परिदृश्य ही बदल गया। रथ आयोजन प्रमुख श्री रंगराजन, जो विगत 20 वर्षों से निरंतर निष्काम भाव से एकल सेवा में समर्पित हैं, के कुशल नेतृत्व में रथ यात्रा का आयोजन अत्यंत भावपूर्ण और अनुशासित रहा। श्रीहरि रथ के माध्यम से गांव में न केवल धार्मिक जागृति आई बल्कि नशामुक्ति अभियान, हिंदू संगठन शक्ति और सांस्कृतिक जागरण जैसे कार्यों में अभूतपूर्व तेजी देखने को मिली है। भजनों की गूंज और सामूहिक प्रार्थनाओं ने ग्रामीणों के मन से भेद–भाव मिटाकर उन्हें एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया है।

उपरोक्त दोनों आयोजन इस बात का जीवंत प्रमाण हैं कि एकल अभियान का श्रीहरि रथ केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं अपितु सामाजिक पुनर्जागरण का एक सशक्त माध्यम है।

सत्संग से सामाजिक जागरण और सांस्कृतिक चेतना का नव-प्रभात

दक्षिण आंध्र के अंचल श्री सत्य साई के संच ओडिसी के ग्राम गौरापुरम में सनातन शक्ति, राष्ट्र–आराधना और सामाजिक सुधार का जीवंत अनुभव।

भारतीय संस्कृति की मूल आत्मा हमारे गांवों में बसती है जहाँ धर्म, सेवा और संस्कृति मिलकर जीवन को दिशा प्रदान करते हैं। इसी सांस्कृतिक चेतना को सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुँचाने का अद्भुत कार्य कर रहे हैं श्री पी. सुब्बारायुडु। 60 वर्ष की परिपक्व अवस्था और 23 वर्षों की निष्ठावान सेवा यात्रा के साथ अंचल साधक के रूप में वे प्रतिमाह लगभग 10 गांवों में सत्संग का आयोजन कर सनातन धर्म और सामाजिक चेतना की अलख जगा रहे हैं।

ग्राम गौरापुरम के मंदिर प्रांगण में आयोजित इस सत्संग में 70 से अधिक ग्रामीणों की निष्ठावान उपस्थिति रही। अंचल में दो बार श्रीहरि रथ के शुभागमन ने इस धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण को और अधिक ऊर्जावान बना दिया। ढोलक, झांझ और मंजीरों की लयबद्ध ताल पर जब ग्रामीण भक्तिभाव में लीन हुए तो संपूर्ण वातावरण एक दिव्य आनंद से सराबोर हो उठा।

भाषा की सीमाओं से परे, सनातन की सार्वभौमिक अनुभूति

इस सत्संग की सबसे भावुक और मर्मस्पर्शी विशेषता यह रही कि इसने भाषा और प्रांतीय सीमाओं को पूरी तरह मिटा दिया। आयोजन में तेलुगु भाषा में कृष्ण भजन, राम भजन, देवी भजन और शिव भजन की अनवरत प्रस्तुतियाँ हुईं।

'मुझे तेलुगु भाषा नहीं आती किंतु ग्रामीणों के हाव-भाव, उनके नयनों की भक्तिऔर भाव-विभोर कर देने वाली ऊर्जा से मैं सहज ही समझ पा रहा था कि किसकी और क्या स्तुति हो रही है। यही सनातन धर्म और सत्संग की वास्तविक सार्वभौमिक शक्ति है।'

ग्रामीणों की स्वत:स्फूर्त भक्ति और उत्साह इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि जब श्रद्धा और संस्कृति का संगम होता है, तो शब्दों की आवश्यकता समाप्त हो जाती है और केवल हृदय का भाव ही प्रमुख हो जाता है।

गौरापुरम गाँव में सत्संग साधक पी. सुब्बारायडु के मार्गदर्शन में सत्संग करते ग्रामीण

मातृभूमि की वंदना और नशामुक्त समाज का निर्माण

एकल अभियान का सत्संग केवल उपासना तक सीमित नहीं है। यह चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण की नींव भी रखता है। सत्संग के दौरान जहाँ एक ओर प्रभु की स्तुति होती है, वहीं दूसरी ओर मातृभूमि की अर्चना और वंदना के माध्यम से ग्रामीणों के दिलों में राष्ट्र के प्रति स्वाभाविक और अटूट प्रेम जागृत किया जाता है। सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार करते हुए इस सत्संग में ग्रामीणों को शराबबंदी की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही ऊँच–नीच, जात–पात और सामाजिक वैमनस्य के भाव का अंत कर भ्रातृभाव की स्थापना का संकल्प लिया गया। मंदिर के प्रांगण में एकत्र हुए ग्रामीण जब एक साथ मातृभूमि और नशामुक्त जीवन का संकल्प लेते हैं तो वहाँ से एक नए, सशक्त और स्वावलंबी भारत का निर्माण होता है।

सेवा और समर्पण की जीवंत मिसाल बी. चेन्नमा अम्मा

72 वर्ष की आयु में जहाँ लोग विश्राम को प्राथमिकता देते हैं, वहीं एकल कार्यकर्ता सुश्री बी. चेन्नमा जी; जिन्हें अम्मा बुलाया जाता है, असीम ऊर्जा और समर्पण के साथ समाज के उत्थान में जुटी हुई हैं। वर्तमान में अंचल साधक, प्रकाशम अंचल के दायित्व का निर्वहन कर रहीं नांगुलवरम् गांव की निवासी श्री बी. चेन्नमा पिछले 7 वर्षों से लगातार एकल अभियान के माध्यम से समाज सेवा में अपना अमूल्य योगदान दे रही हैं। उनकी निष्ठा और समर्पण का प्रत्यक्ष प्रमाण यह है कि इस उम्र में भी वे प्रतिमाह 20 से 25 दिनों का प्रवास करती हैं। सुदूर क्षेत्रों में जाकर संगठन के कार्यों को गति देना और ग्रामीण जीवन को सशक्त बनाना उनकी दिनचर्या का अभिन्न अंग बन चुका है। ग्रामीणों को सनातन की जड़ों के जोड़े रखना, उन्हें नशे की लत से बचाना और गांवों में वसुधैव कुटुंबकम के भाव का जागरण करना ही अम्मा का मुख्य ध्येय है।

वात्सल्य और ममता की प्रतिमूर्ति

केवल प्रवास ही नहीं, बल्कि अंचल के सभी कार्यकर्ताओं के लिए वे एक माँ का संबल हैं। वे एक माँ की तरह सभी कार्यकर्ताओं की देखभाल और चिंता करती हैं। उनका यह वात्सल्यपूर्ण व्यवहार कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भर देता है और उन्हें हर परिस्थिति में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। अम्मा का यह अनुकरणीय जीवन हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए मार्गदर्शक है। उनका यह निष्काम भाव, सतत प्रवास और कार्यकर्ताओं के प्रति मातृवत स्नेह हमें सिखाता है कि समाज परिवर्तन के इस महायज्ञ में निष्ठा और आत्मीयता ही सबसे बड़ी शक्ति है।

पी 9 प्रभाग योजना वर्ग का भव्य आयोजन

प्रभाग योजना वर्ग में उपस्थित केन्द्र, प्रभाग, संभाग एवं अंचल के कार्यकर्ता। साथ हैं एकल के पदाधिकारी

एकल अभियान द्वारा प्रभाग पी9 (आंध्र प्रदेश और तेलंगाना) का तीन दिवसीय प्रभाग योजना वर्ग जुलाई 21–23, 2026 तक भाग्यनगर (तेलंगाना) में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस वर्ग में उत्तर एवं दक्षिण तेलंगाना तथा उत्तर एवं दक्षिण आंध्र प्रदेश के 28 कार्यकर्ताओं, प्रभारियों एवं 5 केंद्रीय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। वर्ग का शुभारंभ श्री दीप कुमार द्वारा 'संगठनात्मक संरचना, सुदृढ़ीकरण एवं अभियान समिति के स्पष्टीकरण' विषय पर मार्गदर्शन से हुआ। इसके पश्चात उद्घाटन सत्र सम्पन्न हुआ। दोपहर और शाम के सत्रों में प्राथमिक शिक्षा में भूमिका (श्री के. राघवेंद्र), कार्यालय विभाग का कार्य (श्री टी. हनुमंतू एवं श्री करतार डोगरा), सत्संग साधक व रथ योजना (श्री सहदेबुडू एवं श्री एम.बी. मल्लिकार्जुन) तथा नगर संगठन एवं CSR विषय (श्री टी. हनुमंतू एवं श्री एम. हनुमंता) पर विस्तृत चर्चा हुई। रात्रि सत्र में शिक्षण सामग्री योजना पर प्रकाश डाला गया।

दूसरे दिन की शुरुआत अर्थ विभाग की भूमिका एवं व्यवस्था पर मंथन के साथ हुई जिसका मार्गदर्शन श्री करतार डोगरा ने किया। इसके बाद कार्यकर्ता एवं आचार्य ऐप के महत्व (श्री टी. हनुमंतू एवं श्री चंद्रशेखर) तथा कार्यकर्ता विभाग व प्रवास समीक्षा (श्री मनोहर लाल) पर सत्र आयोजित हुए।

अपरान्ह सत्रों में 'गतिविधि विभाग अवधारणा एवं योजना' तथा 'कार्यकर्ता अनुशासन एवं व्यक्तित्व विकास' पर श्री दीप कुमार ने बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही आरोग्य, ग्रामोत्थान एवं ग्राम संगठन समिति की भूमिका (श्री मनोहर लाल एवं श्री के. राघवेंद्र) पर भी विचार–विमर्श हुआ।

अंतिम दिन एकल विद्यालय अवधारणा व योजना (श्री के. राघवेंद्र एवं श्री कोटेश्वर राव), वार्षिक कार्य योजना एवं विभागीय कैलेंडर तथा अंचल पालक योजनाः एकल व्यवस्था नवीनीकरण (श्री दीप कुमार) पर रणनीतिक चर्चा की गई। समापन सत्र से पूर्व श्री सिद्धार्थ शंकर गौतम ने 'विचारधारा एवं प्रचार–प्रसार' विषय पर प्रभावी विचार रखे।

योजना वर्ग में प्रतिदिन शाम को भारत माता आरती की गई। समापन सत्र में अध्यक्ष, तेलंगाना चैप्टर तथा साउथ जोन वाइस प्रेसीडेंट, वनबंधु परिषद् श्री विनोद अग्रवाल, हैदराबाद चैप्टर अध्यक्ष, वनबंधु परिषद श्री कैलाश नारायण बांगड़िया, तेलंगाना चैप्टर वाइस प्रेसीडेंट श्री अशोक ठाकुर, अध्यक्ष पी9 प्रभाग श्री राघवाचार्य, प्रभाग महिला प्रभारी डॉ. इंद्रा देवी, वनबंधु परिषद् तेलंगाना चैप्टर के महामंत्री श्री विष्णु गुप्ता, ट्रस्टी, बाहेती भवन के ट्रस्टी श्री मुकुंद बाहेती सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। ■

सिद्धार्थ शंकर गौतम
उप–संपादक, एकल प्रयास

(सहयोगः के राघवेंद्र, टी. हनुमंतू, एम. हनुमंता, विनय पांडे, एम.बी मल्लिकार्जुन, के.बी सुब्बाराव, झांसी लक्ष्मी, राधिका, हाथीराम, टी. वेंकटनारायण, एस. रामंजनेलु)

लेख में प्रयुक्त आँकड़ें जून, 2026 तक के हैं।

एकल अभियान वार्षिक बैठक
राष्ट्रोत्थान, ग्राम स्वराज और स्वावलंबन का संकल्प

राष्ट्रीय चेतना के संवाहक, सुदूर वनवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार और स्वावलंबन की अलख जगाने वाले 'एकल अभियान' की वार्षिक बैठक अगस्त 8–9, 2026 को नई दिल्ली में अत्यंत उत्साह, अनुशासन और गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुई। यह द्वि–दिवसीय बैठक संगठन की आगामी दिशा, विस्तार और वैचारिक सुदृढ़ीकरण के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित हुई।

बैठक का शुभारंभ वैदिक मंगलाचार, ओमकार गान, गायत्री मंत्र तथा हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ के साथ हुआ। इस पावन अवसर पर मंच पर गणमान्य अतिथि श्री लक्ष्मीनारायण गोयल, श्री रमेश सरावगी, श्री राजेश गोयल, श्रीमती चंद्रलेखा रूँगटा एवं डॉ. ललन शर्मा आसीन रहे। बैठक में देश भर से आए लगभग 100 समर्पित पदाधिकारियों व सेवाव्रती कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। एकल अभियान के मार्गदर्शक श्री श्याम गुप्त एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह–सरकार्यवाह श्री आलोक कुमार का पाथेय प्राप्त होना बैठक की विशेषता रही।

बैठक के प्रथम सत्र में श्री राजेश गोयल ने विधिवत प्रस्तावना रखने से पूर्व गत वर्ष दिवंगत हुए एकल परिवार के सदस्यों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही, उन्होंने बीते वर्ष कोलकाता में हुई बैठक के पश्चात एकल कोर कमेटी के कार्यों, निर्णयों और प्रगति से सभी को अवगत कराया। प्रथम सत्र में नगर संगठनों के कार्यों की विस्तृत रूपरेखा पीपीटी (PPT) के माध्यम से प्रस्तुत की गई।

अतिथियों का पाथेय एवं मार्गदर्शक उद्बोधन

बैठक में श्री आलोक कुमार की प्रेरणादायी उपस्थिति ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया। श्री आलोक कुमार ने श्रीरामजन्मभूमि के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित जनों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि पहले एकल का कार्य अनौपचारिक शिक्षा तक सीमित था। हमारा मुख्य ध्येय यह है कि हमारे नौनिहाल अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहें, उनमें राष्ट्रभक्ति की प्रबल भावना जागृत हो। उन्होंने विशेष जोर देते हुए कहा कि एकल अभियान के अंतर्गत एकल विद्यालयों का संचालन सबसे प्रभावी कार्य है। इसके साथ ही, कार्यकर्ता एवं आचार्य/सेवाव्रतियों का सम्मान बढ़ाने के लिए नगर संगठन को गंभीरता से सोचना होगा। ''अच्छे कार्यकर्ता कार्य से विमुख न हों''–यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी नगर संगठन की है।

मा. श्याम गुप्त ने एकल अभियान के जन्म की आख्यायिका सुनाते हुए इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने ग्रामीण समाज की पुरानी मानसिकता का जिक्र करते हुए बताया कि प्रारंभ में ग्रामीण प्रश्न करते थे, ''गांव के लोग पढ़ने क्यों जाएं? खेती धर्म है, यदि बच्चा पढ़–लिख लेगा तो खेती कौन करेगा?'' एकल ने ग्रामीणों के इस संकीर्ण मनोभाव को तोड़ा और शिक्षा को जन–जन का अभियान बनाया।

मा. श्यामजी ने एकल के पाँच मूल लक्ष्यों को रेखांकित किया। हम सेवा से ग्रामवासियों का विश्वास जीतेंगे, विश्वास से ओनरशिप (स्वावलंबन) देंगे, धर्म का जागरण करेंगे, हिंदू विरोधी–राष्ट्रविरोधी ताकतों का चेहरा उजागर करेंगे तथा हम रामजी की सेना बनाएंगे। इस दौरान उन्होंने एक प्रेरणादायी सूत्र वाक्य भी दिया कि ''धन का बेटा है अहंकार और अहंकार का बेटा है अपमान।''

मा. श्यामजी ने देश की भौगोलिक और सांस्कृतिक अखंडता को बनाए रखने का एक अनूठा वैचारिक खाका खींचा। उन्होंने कहा कि हिमालय इस देश का मुकुट है, पंजाब उसकी गर्दन और तमिलनाडु तथा केरल उसके दो पाँव हैं। हमें एकल के माध्यम से भारत माँ के शीश, गर्दन और पाँवों की रक्षा सुनिश्चित करनी है। इसी पावन लक्ष्य को लेकर 'हनुमान परिवार योजना' की शुरुआत की गई है। आज की सबसे बड़ी आवश्यकता 'समय देने की आदत' विकसित करना है। युवाओं को भारत माँ की सेवा के लिए तत्पर करना होगा। एकल को स्वावलंबी बनाने का लक्ष्य अब हमें हर हाल में सुनिश्चित करना होगा। जब ग्राम स्तर पर स्वावलंबन आएगा तो ग्रामवासियों का स्वाभिमान बढ़ेगा और एकल समाज

का एक सशक्त संगठन बनेगा। हमारे पूर्वजों ने कहा था कि 'गांव जब तीर्थ बन जाएंगे, तो देश पुनः विश्वगुरु हो जाएगा।' हमें इन्हीं गांवों को तीर्थ बनाना है।

सांगठनिक विस्तार, समितियाँ और स्वावलंबन के नए आयाम

बैठक में संगठन को अधिक सुदृढ़, गतिशील और परिणाममूलक बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे गए और उनपर गहन मंथन हुआ।

भौगोलिक एवं विद्यालयी विस्तार: डॉ. ललन शर्मा ने अपने वक्तव्य में बताया कि वर्तमान में PRP के माध्यम से 5,000 एकल विद्यालय कम चलाए जा रहे हैं, किंतु हमारा लक्ष्य एक लाख एकल विद्यालय तक पहुँचने का है। विशेषकर वनवासी क्षेत्रों और सीमांत क्षेत्रों में एकल का विस्तार तीव्र गति से हो रहा है। इसके आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2025 में सीमांत क्षेत्रों में 64 इकाइयाँ थीं, जो बढ़कर वर्ष 2026 में 77 हो गई हैं (अर्थात 13 नए जिलों में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है)।

नेतृत्व एवं समिति सुदृढ़ीकरण: इस वर्ष संगठन में एक ऐतिहासिक उपलब्धि यह रही कि अगस्त, 2026 तक 91 प्रतिशत प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं, जो पहली बार हुआ है और इसका परिणाम अत्यंत लाभदायक रहा है। इसके अतिरिक्त, जोनल केंद्रों में समिति की जड़ों को मजबूती से जोड़ा गया है। आज 70 प्रतिशत से अधिक अंचल प्रमुख पदों पर महिलाएँ आसीन हैं, जो महिला सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण है। श्री रमेश सरावगी ने अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम और सिक्किम में 'एकल विद्यालय' और 'आरोग्य' का कार्य तत्काल प्रारंभ करने पर विशेष बल दिया।

इस दो दिवसीय वार्षिक बैठक के निष्कर्ष की बात करें तो यह सुनिश्चित किया गया कि समन्वय की संस्कृति को सभी आयामों के बीच और अधिक प्रगाढ़ करना होगा, समिति सक्रियता से प्रवास करेय इस पर विशेष बल देना होगा, बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के वनवासी क्षेत्रों में विस्तार की नई योजनाएँ तय की जानी हैं आदि। कुल मिलाकर यह वार्षिक बैठक मात्र एक औपचारिक गोष्ठी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और ग्रामीण भारत के कायाकल्प का एक महान संकल्प बनी। 'गांवों को तीर्थ बनाना है' इस मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए यह बैठक एकल अभियान को नए शिखरों पर ले जाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम साबित होगी।

बैठक के अंत में श्री राजेश गोयल के कई प्रस्ताव रखे जिन पर आने वाले समय में चर्चा होगी और सामूहिक निर्णय के आधार पर उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

1. एकल अभियान से सम्बद्ध सभी संगठनों की राष्ट्रीय/केन्द्रीय स्तर की बैठकों में सभी संगठनों के प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर सहमति व्यक्त की गई, ताकि आपसी सहयोग, संवाद, स्नेह एवं विश्वास का वातावरण और अधिक मजबूत हो।

2. सेवाव्रती कार्यकर्ताओं के मूल्यांकन की व्यवस्था पर विचार करते हुए कहा गया कि सामान्य सेवाव्रती कार्यकर्ताओं का मूल्यांकन संबंधित सेवाव्रती व्यवस्था के माध्यम से तथा वरिष्ठ सेवाव्रती कार्यकर्ताओं का समीक्षा–आधारित मूल्यांकन वरिष्ठ नेतृत्व/कोर स्तर पर किया जाए।

3. एकल संस्थान को एकल अभियान के अंतर्गत रखते हुए उसे अभियान का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा 'एकल प्रयास' को अभियान के मुखपत्र के रूप में विकसित करने के विषय पर चर्चा की गई।

4. एकल ग्रामोत्थान उत्पाद फाउंडेशन के माध्यम से उत्पादों के विक्रय के केन्द्रीकृत प्रबंधन को व्यवस्थित करने की आवश्यकता पर चर्चा हुई। इस विषय की वर्तमान व्यवस्था में जो भी विसंगतियाँ हैं, उनका परीक्षण कर **समयबद्ध रूप से व्यवस्था को अंतिम रूप देने का दायित्व श्री संजीव गोयल को सौंपने** पर सहमति बनी तथा 15 सितंबर की समय–सीमा का सुझाव सामने आया।

5. छह जोनों में नियुक्त केन्द्रीय सह अभियान प्रमुखों के कार्यकाल एवं उत्ताराधिकार व्यवस्था को व्यवस्थित करने हेतु **SOP तैयार करने** की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की गई। कार्यकाल के अंतिम छह महीनों में उत्तराधिकारी कार्यकर्ता को दायित्व समझने एवं कार्य संचालन का अवसर देने पर बल दिया गया।

6. समिति सदस्यों के कार्यकाल को **3+3 वर्ष** की व्यवस्था के रूप में रखने के प्रस्ताव पर विचार किया गया, जिसमें प्रारंभिक अवधि के पश्चात् कार्य की समीक्षा कर आगे विस्तार का निर्णय लिया जा सके।

7. छह जोनों के केन्द्रीय सह अभियान प्रमुखों को अपने–अपने क्षेत्र में संगठनात्मक कार्यों के समन्वय एवं समीक्षा की व्यापक जिम्मेदारी देने तथा उनकी नियमित रिपोर्ट केन्द्रीय कार्यकारिणी (CEC) को प्रस्तुत करने की व्यवस्था पर बल दिया गया। उन्हें



संबंधित जोन में संगठन मंत्री के रूप में कार्य करने की भावना व्यक्त की गई।

8. एक ही नगर में विभिन्न संगठनों के कार्यक्रमों की तिथियों में टकराव से बचने के लिए प्रमुख नगरों में सभी सम्बद्ध संगठनों के बीच आपसी समन्वय से **वार्षिक कार्यक्रम कैलेंडर** तैयार करने की आवश्यकता व्यक्त की गई।

9. दायित्व निर्वहन की आयु सीमा पर विस्तृत विचार–विमर्श हुआ। चर्चा में 70, 75 एवं 80 वर्ष सहित विभिन्न सुझाव सामने आए। साथ ही यह प्रमुख रूप से कहा गया कि **अनुभवी वरिष्ठों के मार्गदर्शन का लाभ लेते हुए युवाओं को नेतृत्व के अवसर देने और नई पीढ़ी तैयार करने की व्यवस्था अनिवार्य रूप से विकसित की जाए।**

10. वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के लिए केवल आयु को आधार न बनाकर उनकी **शारीरिक एवं मानसिक क्षमता, सक्रियता तथा कार्य करने की क्षमता** को भी ध्यान में रखने का विचार सामने आया। साथ ही सचिव, संयुक्त सचिव आदि कुछ प्रमुख दायित्वों पर अपेक्षाकृत युवा कार्यकर्ताओं को आगे लाने तथा वरिष्ठों को संरक्षक / मार्गदर्शक की भूमिका में रखने के सुझाव दिए गए।

11. प्रत्येक संगठन में लगभग **45-50 वर्ष आयु वर्ग के नए एवं सक्षम कार्यकर्ताओं को नेतृत्व में लाने तथा उन्हें क्रमशः दायित्व देने** की स्पष्ट व्यवस्था बनाने और इसकी प्रगति की रिपोर्टिंग करने का सुझाव दिया गया।

12. वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की भूमिका समाप्त करने के बजाय उन्हें **Think Tank, Experience Centre एवं Mentor** के रूप में सक्रिय रखने तथा अपने स्थान पर नई पीढ़ी के कार्यकर्ताओं को तैयार करने की जिम्मेदारी देने पर विशेष बल दिया गया।

13. एकल अभियान के **लोगो** के दुरुपयोग को रोकने के लिए पूर्व में बनाई गई नियमावली के **कठोर अनुपालन एवं आवश्यकता पड़ने पर कानूनी कार्रवाई** करने की बात कही गई। लोगो के अनाधिकृत उपयोग के विरुद्ध कार्रवाई करने पर भी बल दिया गया।

14. एकल अभियान के लिए **संगठन प्रभारी नियुक्त किए जाने** की आवश्यकता पुनः रखी गई तथा इस दायित्व के लिए संघ की ओर से उपयुक्त व्यक्ति उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

15. एकल विद्यालय कार्यक्रम के 40 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आगामी वर्षों में विशेष अभियान चलाने तथा पूर्व आचार्यों, विद्यार्थियों, समिति सदस्यों एवं अन्य पुराने सहयोगियों का **व्यापक डाटाबेस तैयार कर उन्हें पुनः संगठन से जोड़ने** पर विचार किया गया।

16. एकल अभियान के लिए सभी सम्बद्ध संगठनों द्वारा उपयोग किए जा सकने वाले **एकीकृत ऐप एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म** के निर्माण की आवश्यकता पर विस्तृत चर्चा हुई। वर्तमान में उपलब्ध विभिन्न ऐप्स / गूगल फॉर्म आधारित सिस्टम का अध्ययन कर उनकी उपयोगी विशेषताओं को एकीकृत करने का सुझाव दिया गया।

17. एकीकृत ऐप के लिए किसी एक संगठन द्वारा अलग से निर्णय लेने के बजाय अभियान स्तर पर आवश्यकताओं को निर्धारित कर **व्यावसायिक / विशेषज्ञ एजेंसी के माध्यम से मौजूदा ऐप्स का मूल्यांकन एवं एकीकरण** कराने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

18. इस कार्य के लिए **FTS, BLSP** तथा आवश्यकतानुसार अन्य सम्बद्ध संगठनों के प्रतिनिधियों की छोटी विशेषज्ञ टीम बनाकर उसे **स्पष्ट निर्देश** देने का सुझाव आया। साथ ही अंतिम रूप से तय व्यवस्था को सभी सम्बद्ध संगठनों के लिए समान रूप से लागू करने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की गई।

19. उपलब्ध ऐप्स एवं पोर्टल के संबंध में यह विचार सामने आया कि विभिन्न प्रणालियों में पहले से विकसित उपयोगी सुविधाओं को एकीकृत करके अभियान की आवश्यकताओं के अनुरूप **एक साझा एवं प्रभावी प्रणाली** विकसित की जा सकती है। इस विषय पर **श्री सुरेश अय्यर द्वारा अमेरिकी टीम से आगे चर्चा करने** का निर्णयात्मक सुझाव दिया गया।

20. वार्षिक बैठक के संबंध में यह विचार सामने आया कि ऐसी बैठक नियमित रूप से होनी चाहिए, जबकि **अखिल भारतीय प्रतिनिधि मण्डल (ABPM) की अपनी वैधानिक एवं संगठनात्मक भूमिका अलग है।** दोनों बैठकों के उद्देश्य एवं स्वरूप को स्पष्ट रखने की आवश्यकता व्यक्त की गई।

21. आगामी समय में **वार्षिक बैठक को अलग एवं अधिक केंद्रित स्वरूप** में आयोजित करने पर बल दिया गया। इसे प्रेजेण्टेशन–केंद्रित न रखकर **Open House Discussion** के रूप में आयोजित करने, सीमित संख्या में महत्वपूर्ण विषय लेने और प्रत्येक विषय पर गहन चर्चा के बाद स्पष्ट निष्कर्ष / निर्णय तक पहुँचने का सुझाव दिया गया। ■

सिद्धार्थ शंकर गौतम
उप–संपादक, एकल प्रयास





In 1989, when the Ekal movement began its journey with a simple yet revolutionary idea—One Teacher, One School, One Village—few could have imagined the extraordinary story that would unfold in the decades to come.

Today, the Ekal movement has grown to more than 100,000 Ekal Vidyalayas, carrying the light of education and transformation to the remotest corners of Bharat. And behind every transformed life is the silent contribution of countless teachers, volunteers, donors, supporters, well-wishers and committed workers who have made the impossible possible.

It was amid this expanding journey that Ekal Prayas was born.

In 2010, following the successful Ekal Kumbh in Delhi, the first issue of this bilingual, bimonthly in-house magazine was published. It was a modest beginning a 28-page publication conceived to document, communicate and celebrate the expanding work of the Ekal movement.

But with time, Ekal Prayas became much more than a magazine.

It became a living chronicle of the Ekal journey.

From 28 pages in its first edition, it has evolved into a comprehensive 44-page publication reflecting the vast and expanding canvas of Mission Ekal. Its pages have carried the voices, initiatives, achievements, aspirations and stories of the Ekal family across India and abroad.

Over the years, Ekal Prayas has documented the movement's expansion across states, its international chapters and its ever-growing areas of service.

A MAGAZINE WITH MANY WINDOWS

Every section of Ekal Prayas opens a different window into the world of Ekal.

Ekal's Historic Journey takes readers back to the roots of the movement and reminds us how far the organisation has travelled.

Standing Tall celebrates individuals whose dedication and contribution have strengthened the movement.

The **Guest Column** brings the reflections and perspectives of distinguished contributors.

The **Cover Story** captures the central theme of each issue including dedicated features from **Ground Zero**.

The **Roundup of Ekal Events** captures the energy and scale of activities taking place across the country and around the world.

Vanyatra takes readers into the field—to the villages, communities and people whose lives form the heart of the Ekal mission.

Vanvasi Shaurya Gatha brings forward stories of courage, determination, valour and achievement from tribal communities during freedom struggle.

Together, these sections create a narrative that is both diverse and unified.

THE 100TH ISSUE: A MOMENT TO REMEMBER

- The 100th issue is an opportunity to pause.
- Not to stop. But to look back.
- To remember where the journey began.
- To honour those who walked before us.
- To celebrate those who continue to walk with us.

Celebrating

100 Issues of Mission Ekal

One Mission. Countless Lives Transformed.

From One Teacher, One School to One Hundred Thousand Dreams





ONE MISSION. COUNTLESS LIVES TRANSFORMED.

- The 100th issue of Ekal Prayas is a milestone in the journey of a movement.
- The first issue documented the success of an Ekal Kumbh.
- The 100th issue represents something far greater.

It represents the cumulative journey of seventeen years of uninterrupted communication, documentation and celebration of Mission Ekal.

THE JOURNEY CONTINUES

The most beautiful thing about a journey is that reaching a milestone does not mean reaching the destination. The 100th issue is not the conclusion of Ekal Prayas.

It is a new beginning. The first 100 issues tell us where we have come from.

The next issues will tell future generations where we are going.

And as long as the Ekal mission continues to walk towards the last village, there will always be stories worth telling. Because the journey continues.

Team Ekal Prayas

Manju Srivastava | Siddhartha S Gautam | Harsh Malik | Sandeep Kumar

40 वर्षों का विश्वास एवं अगले दशक का संकल्प

वनबंधु परिषद् (Friends of Tribals Society) का वार्षिक सम्मेलन 2026

वनबंधु परिषद् का वार्षिक सम्मेलन जुलाई 17–19, 2026 तक कान्हा शांति वनम्, भाग्यनगर (हैदराबाद) में भव्य एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ। इस आयोजन का ध्येय वाक्य "40 वर्षों का विश्वास एवं अगले दशक का संकल्प" था, जिसने संगठन की गौरवशाली यात्रा तथा भविष्य के दृढ़ संकल्प को सशक्त रूप में अभिव्यक्त किया तथा एफटीएस परिवार को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। शांत एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में स्थित इस ध्यान केंद्र ने तीन दिनों तक सार्थक चर्चा, आत्मचिंतन तथा आपसी संवाद के लिए अत्यंत उपयुक्त वातावरण प्रदान किया।

दीप प्रज्जवलन करते हुए अधिकारी एवं अतिथिगण

इस सम्मेलन में श्री आलोक कुमार, सह–सरकार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, स्वामी विज्ञानानंद, संयुक्त महामंत्री विश्व हिन्दू परिषद् एवं संस्थापक वर्ल्ड हिन्दू कांग्रेस, आध्यात्मिक गुरु, लेखक तथा सहज मार्ग परंपरा में राजयोग आचार्यों की परंपरा के चौथे आध्यात्मिक मार्गदर्शक श्री कमलेश डी. पटेल (पूज्य दाजी), भारत सरकार के कोयला एवं खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी, वनबंधु परिषद् के राष्ट्रीय संरक्षक पद्मश्री श्री रामेश्वर लाल काबरा, श्रीमती रतनीदेवी काबरा, पद्मश्री श्री सज्जन भजनका, श्री प्रदीप गोयल, श्री राजेश गोयल, राष्ट्रीय एकल अभियान प्रभारी, श्री अतुल शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष, एकल ग्राम संगठन, डॉ. आर. एन. मेहता, अध्यक्ष, एकल आरोग्य ग्राम संगठन, श्रीमती चंद्रलेखा रूंगटा, उपाध्यक्ष, एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन, डॉ. उमेश पालीवाल, ट्रस्टी, आरोग्य फाउंडेशन ऑफ इंडिया, श्रीमती मंजु श्रीवास्तव, चेयरपर्सन, एकल संस्थान, डॉ. ललन शर्मा, केंद्रीय अभियान प्रमुख, श्री सुरेश अग्रवाल (मानकसिया) ट्रस्टी, आरोग्य फाउंडेशन ऑफ इंडिया, श्री सजन कुमार बंसल, श्री रमेश सरावगी, राष्ट्रीय निवर्तमान अध्यक्ष, श्री रमेश माहेश्वरी, अध्यक्ष, राष्ट्रीय महिला समिति, तेलंगाना महिला समिति, तेलंगाना युवा समिति, वरिष्ठ सेवाव्रती, ग्राम संगठन, प्रभाग एवं संभाग अध्यक्ष, प्रभाग अभियान प्रमुख तथा संभाग अभियान प्रमुख सहित पूरे भारतवर्ष के 43 चैप्टर्स से 400 से अधिक प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। इस प्रकार यह सम्मेलन वास्तव में संपूर्ण एकल वनबंधु परिषद परिवार का साझा मंच बन गया।

प्रथम दिवसः कार्यक्रम का शुभारम्भ 3 बार ब्रह्मनाद एवं दीप प्रज्जवलन से हुआ, जिसने पूरे सम्मेलन के लिए सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया। तेलंगाना चैप्टर के अध्यक्ष श्री विनोद

अग्रवाल ने स्वागत सम्बोधन में उपस्थित सभी सहभागियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। सभा को संबोधित करते हुए वनबंधु परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री रमेश कुमार माहेश्वरी ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की वास्तविक शक्ति है। उन्होंने युवाओं से संगठन में बड़ी जिम्मेदारियाँ निभाने का आह्वान किया तथा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से नई पीढ़ी का मार्गदर्शन करते रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि संगठन की निरंतर प्रगति के लिए वरिष्ठों के अनुभव और युवाओं के उत्साह का समन्वय अत्यंत आवश्यक है।

वनबंधु परिषद् की स्थापना जनवरी 15, 1989 को मकर संक्रांति के दिन यज्ञ–हवन के साथ हुई किंतु इसकी रूपरेखा वर्ष 1986 से ही प्रारंभ हो गई थी। वनबंधु परिषद् के 40 वर्ष के प्रयास का उल्लेख करते हुए निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रमेश कुमार सरावगी ने संगठन के साथ अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने मा. श्याम गुप्त के योगदान का विशेष उल्लेख किया एवं वनयात्राओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि निरंतर संपर्क, संवाद और सामूहिक प्रयासों ने सामान्य समर्थकों को समर्पित कार्यकर्ताओं में परिवर्तित किया तथा उसी आत्मीय संबंध ने आज वनबंधु परिवार को सुदृढ़ बनाया है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह–सरकार्यवाह श्री आलोक कुमार ने संगठन की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी को तर्क से जीतने से हम उस काम में जीत सकते हैं लेकिन उस व्यक्ति को हार जायेंगे इसलिए कार्यकर्ता का मन जीतना अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं की निःस्वार्थ सेवा एवं समर्पण भावना की सराहना की तथा सभी से इसी समर्पण एवं उत्तरदायित्व के साथ आगे भी कार्य करते रहने का आह्वान किया।

उद्घाटन सत्र में विश्व हिन्दू परिषद् के संयुक्त महासचिव एवं संस्थापक, विश्व हिंदू कांग्रेस, स्वामी विज्ञानानंद का प्रेरक उद्बोधन भी हुआ। उनका विषय था, "विश्वगुरु भारतः 21वीं सदी में भारत की वैश्विक भूमिका"। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहते हुए विश्व का मार्गदर्शन करना है। उनके विचारों ने सभी उपस्थित जनों को एक सशक्त, आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी भारत के निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

विषयगत एवं प्रबंधकीय सत्रः प्रथम दिवस में संस्कार गुरुकुल, वनयात्रा, डिजिटल एवं आईटी, सोशल मीडिया, सीएफसी एवं संरक्षक योजना, सीएसआर एवं एसएसआई, लेखा, वित्त एवं एकाउंटिंग जैसे विषयों के सह गट बैठकों का भी आयोजन हुआ जिसमें उनके प्रभारियों द्वारा पीपीटी के माध्यम से विषय को विस्तृत रूप से प्रदर्शित किया गया तथा विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। सभी ने अपने कार्य क्षेत्र को और अधिक प्रभावशाली बनाने हेतु सुझाव तथा अनुभव साझा किए, सफल कार्य–पद्धतियों का आदान–प्रदान किया तथा भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की।

श्री आलोक कुमार
सह सरकार्यवाह

स्वामी विज्ञानानंद जी
संस्थापक, वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस

प्रथम दिवस की बैठक के विराम के पश्चात संध्या में एक भव्य सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उत्तर सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स (यूसीपीए) की संस्थापक एवं प्रख्यात नृत्याचार्या श्रीमती गीता गणेशन तथा उनकी टीम ने मनोहारी भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी। भारत की प्राचीन एवं प्रतिष्ठित शास्त्रीय नृत्य परंपरा की गरिमा को प्रदर्शित करती इस प्रस्तुति ने अपनी सुंदर मुद्राओं, भावपूर्ण अभिनय और भक्तिरस से सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीतों का भी अत्यंत सुंदर समावेश रहा। गीतों की प्रस्तुति FTS की बहनों के द्वारा हुई जो अत्यंत प्रशंसनीय रही। पूरे कार्यक्रम में महिलाओं की भूमिका तथा युवाओं का सहयोग प्रशंसनीय था।

द्वितीय दिवसः द्वितीय दिवस का शुभारम्भ आध्यात्मिक गुरु श्री कमलेश डी. पटेल (पूज्य दाजी) के सम्मान एवं उनके प्रेरणादायी आशीर्वचन से हुआ। उन्होंने अपने सरल एवं आत्मीय उद्बोधन में सभी कार्यकर्ताओं को विनम्रता, करुणा, सकारात्मक सोच

और निःस्वार्थ सेवा के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उनके विचार संगठन के मूल्यों की पुनः स्मृति कराने वाले तथा सभी के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हुए।

इसी दिन क्षेत्र सह (Zone wise) पूर्वी एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र, पश्चिम क्षेत्र, उत्तर क्षेत्र, दक्षिण क्षेत्र की बैठकों का भी आयोजन हुआ। क्षेत्र प्रभारियों ने अपने–अपने क्षेत्रों में हुए कार्यों की समीक्षा, संगठन की आवश्यकता, चुनौतियों तथा कार्य को और अधिक प्रभावी बनाने आदि विषयों पर चर्चा की। इन बैठकों ने सभी को एक–दूसरे से सीखने, व्यावहारिक समाधान खोजने तथा देशभर में आपसी समन्वय को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया।

आदिवासी स्वाभिमान के प्रखर प्रहरी, समाजसेवा के तपस्वी एवं जनजातीय संस्कृति के संवाहक श्री वुइय्या सुदर्शन (ग्रामः देगामा, मंडल बाजारहाथनूर, जिलाः आदिलाबाद, तेलंगाना) को उनके सेवा कार्यों हेतु वनबंधु परिषद् सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न क्षेत्रों यथा सर्वाधिक ओटीएस संकलन (Highest OTS Collection), दानदाताओं की संख्या में वृद्धि (Growth in Donors), सर्वाधिक

सुर-ताल के सदस्य कलात्मक प्रस्तुति देते हुए

सदस्यता संकलन (Highest Membership Collection), सदस्यता संकलन में वृद्धि (Growth in Membership), लेखा–प्रबंधन में उत्कृष्टता (Proficiency in Accounts), सशक्त चैप्टर (Vibrant Chapter), उदीयमान युवा (Rising Yuva) तथा वनयात्रा आदि श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चैप्टरों तथा उनके प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। बैठक में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु बेंगलुरू चैप्टर के अध्यक्ष श्री हाथिमल बैद एवं एकल युवा की राष्ट्रीय को–ऑर्डिनेटर श्रीमती राशु जैन को President Discretionary Award से भी सम्मानित किया गया।

इसी दिन वनबंधु परिषद् (Friends of Tribals Society) की 37वीं वार्षिक साधारण सभा का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती रूपा अग्रवाल ने वित्तीय वर्ष 2025–26 की सचिवीय प्रतिवेदन (Secretary's Report) प्रस्तुत करते हुए वर्षभर की प्रमुख गतिविधियों, उपलब्धियों एवं संगठन की प्रगति का विस्तृत विवरण रखा। साथ ही उन्होंने परिषद् की भावी योजनाओं एवं आगामी कार्य–दिशा से सभी प्रतिनिधियों को अवगत कराया। बैठक में नगर संगठन स्तर पर संस्कार गुरुकुलों की स्थापना, जरूरतमंद वर्गों के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों का विस्तार तथा स्वास्थ्य शिविरों के नियमित आयोजन जैसे विषय प्रमुख रहे। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य सेवा के माध्यम से समाज में स्थायी एवं सकारात्मक परिवर्तन लाना है। बैठक में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री रमेश गुप्ता ने वर्ष 2025–26 का विस्तृत लेखा प्रतिवेदन

एकल विद्यालय के बच्चों ने संस्कृत में मंत्रों का वाचन किया

(Accounts) प्रस्तुत किया तथा सभी ने **ओम** उच्चारण के साथ लेखा प्रतिवेदन का अनुमोदन (Approved) किया।

सम्मेलन में एफटीएस के संस्थापक सदस्य एवं मार्गदर्शक पद्मश्री श्री रामेश्वर लाल काबरा (बापूजी) की गरिमामयी उपस्थिति सभी के लिए प्रेरणास्रोत रही। इसके अतिरिक्त पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रमुख दानदाता पद्मश्री श्री सज्जन भजनका तथा राष्ट्रीय संरक्षक श्री सजन कुमार बंसल का सार्थक मार्गदर्शन भी सभी को प्राप्त हुआ। उनकी दूरदृष्टि, समर्पण और सतत प्रयासों ने संगठन की विकास यात्रा को नई दिशा प्रदान की।

वरिष्ठ सेवाव्रतियों का योगदान भी सम्मेलन का एक महत्वपूर्ण पक्ष रहा। ग्राम संगठन और नगर संगठन को सशक्त बनाने में उनके निःस्वार्थ समर्पण की सराहना की गई। उनका सेवा–भाव देशभर के कार्यकर्ताओं के लिए निरंतर प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है।

तृतीय दिवसः सम्मेलन के तृतीय दिवस में भी अत्यंत उत्साह, आत्मीयता और कृतज्ञता का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर पद्मश्री श्री सज्जन भजनका ने अपने

एकल युवा वनबंधु परिषद्, हैदराबाद-तेलंगाना

उद्‌बोधन में उन एतिहासिक क्षणों का उल्लेख करते हुए मा. श्याम गुप्त के प्रयत्नों को याद किया। श्री सजन कुमार बंसल, श्री रमेश कुमार सरावगी, श्री रमेश कुमार माहेश्वरी जैसे वरिष्ठ नेतृत्वकर्ताओं के अमूल्य योगदान का भी स्मरण एवं उन असंख्य कार्यकर्ताओं, सहयोगियों, सेवाव्रतियों एवं शुभचिंतकों के प्रति हृदय से कृतज्ञता व्यक्त की गई, जिनके मौन किंतु सुदृढ़ योगदान ने संगठन को निरंतर शक्ति एवं गति प्रदान की है।

सम्मेलन में भारत सरकार के कोयला एवं खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी की विशिष्ट उपस्थिति रही। अपने उद्‌बोधन में उन्होंने तेलंगाना के इतिहास, निजाम शासन के विरुद्ध हुए संघर्षों तथा सितंबर 1948 में सरदार वल्लभभाई पटेल के नेतृत्व में हैदराबाद की ऐतिहासिक मुक्ति का स्मरण कराया। उनके विचारों ने उन महान बलिदानों की याद ताजा कर दी, जिनके आधार पर आधुनिक भारत का निर्माण हुआ। साथ ही उन्होंने सभी को इस गौरवशाली विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति अपने दायित्व का स्मरण कराया।

सहयोगी से सहयात्री सम्मान: इस दिन का सबसे विशेष आकर्षण 'सहयोगी से सहयात्री सम्मान' कार्यक्रम का आयोजन रहा, जो एफटीएस की अपनी तरह की एक अभिनव पहल थी। इसके अंतर्गत उन दानदाताओं का सम्मान किया गया, जो केवल सहयोगी ही नहीं, बल्कि एफटीएस परिवार के सक्रिय सहभागी बन चुके हैं। यह केवल सम्मान समारोह नहीं था, बल्कि वर्षों से सेवा के माध्यम से बने आत्मीय संबंधों का उत्सव था। इस कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि जब शुभचिंतक संगठन के ध्येय से जुड़कर सक्रिय सहभागिता करते हैं, तब राष्ट्र निर्माण की यात्रा और अधिक सशक्त हो जाती है।

इस पूरे आयोजन के सबसे भावुक क्षणों में से एक था दक्षिण तेलंगाना के अंचल विकाराबाद के संच कोडांगल स्थित हुशनपुर गांव के एकल विद्यार्थियों का प्रदर्शन। आचार्या सावित्री के मार्गदर्शन में जिस आत्मविश्वास, अनुशासन एवं शुद्ध उच्चारण के साथ उन्होंने सरस्वती वंदना, गायत्री मंत्र तथा संस्कृत के श्लोकों का पाठ किया, उसने संस्कार युक्त शिक्षा के गहरे प्रभाव को प्रमाणित कर दिया। उनकी प्रस्तुति ने पूरे सभागार को भक्ति एवं सकारात्मकता से भर दिया और सभी ने करतल ध्वनि से उनका उत्साहवर्धन किया।

सम्मेलन की सफलता के पीछे कई महीनों की सूक्ष्म योजना एवं अथक परिश्रम रहा। गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों ने भाग्यनगर का अनेक बार प्रवास किया तथा तेलंगाना चैप्टर, तेलंगाना महिला समिति एवं तेलंगाना युवा समिति के सहयोग से आवास, भोजन, परिवहन तथा संपूर्ण कार्यक्रम की उत्कृष्ट व्यवस्था सुनिश्चित की। कान्हा शांति वनम् के महासचिव श्री ऋषभ कोठारी एवं उनकी स्थानीय टीम का भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

"संगठन और ध्येयवाद" की भावना से प्रेरित इस सम्मेलन ने सामूहिक कार्य, पारस्परिक सहयोग तथा उत्तरदायित्व की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया। औपचारिक बैठकों से लेकर अनौपचारिक संवाद तक, सभी प्रतिभागी समाज सेवा एवं संगठन को आगे बढ़ाने के एक ही उद्देश्य से जुड़े रहे।

कार्यक्रम का विराम संकल्प सत्र के साथ हुआ, जहाँ सभी प्रतिभागियों ने नए उत्साह के साथ संगठन के आदर्शों एवं लक्ष्यों के प्रति अपनी निष्ठा दोहराई। इसके पश्चात् राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रमेश कुमार माहेश्वरी ने सभी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता, स्वयंसेवक, आयोजक एवं शाखा का धन्यवाद ज्ञापित किया, जिनके अथक परिश्रम एवं समर्पण से यह सम्मेलन अत्यंत सफल रहा। उनके धन्यवाद ज्ञापन के साथ संगठन से सीखने, जुड़ने और सेवा से परिपूर्ण इस सम्मेलन का गरिमापूर्ण समापन हुआ। ■

रूपा अग्रवाल
महासचिव, वनबंधु परिषद्

एकल को जानो

साक्षरता से स्वावलंबन के अनोखे सफर का साक्षी

राष्ट्रीय गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित 'एकल अभियान' (एकल ग्राम संगठन) द्वारा विगत दिनों नोएडा एवं दिल्ली में 'एकल को जानो' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस गरिमापूर्ण आयोजन में दिल्ली-एनसीआर और नोएडा के प्रबुद्ध समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों और गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'साक्षरता से स्वावलंबन का अनोखा सफर' था, जिसके माध्यम से एकल की पंचमुखी शिक्षा के आयामों को समाज के सम्मुख रखा गया।

चंद्रेश सोना

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, सीमा सुरक्षा बल (BSF) के कमांडेंट एवं प्रधानमंत्री कार्यालय (भारत सरकार) के पूर्व निदेशक श्री चंद्रेश सोना ने एकल अभियान के साथ अपने जमीनी अनुभवों को भावपूर्ण ढंग से साझा किया। उन्होंने बताया, "जब मैं जम्मू–कश्मीर के आर. एस. पुरा और अररिया सेक्टर में तैनात था, तब सीमावर्ती सुदूर गांवों में संचालित एकल विद्यालयों के आचार्यों और कार्यकर्ताओं ने भारतीय सैनिकों का जिस प्रकार सहयोग किया, वह अत्यंत प्रेरणादायक है। यह एकल से जुड़े युवाओं की प्रगाढ़ देशप्रेम की भावना को दर्शाता है।" उन्होंने रेखांकित किया कि महिला सशक्तीकरण और युवाओं के रोजगारपरक प्रशिक्षण के क्षेत्र में एकल का कार्य अनुकरणीय है, जिसकी प्रशंसा समय–समय पर स्वयं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भी कर चुके हैं।

रामायण की वैज्ञानिकता और जीवन मूल्य

विशिष्ट वक्ता, **'द रामायण स्कूल'** के संस्थापक, प्रख्यात लेखक व चिंतक श्री शांतनु गुप्ता ने रामायण की वैज्ञानिकता और शोधपरक तथ्यों को प्रस्तुत किया। उन्होंने भगवान श्रीराम के मर्यादित मानवीय व्यवहार और उनके वचनों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीराम ने 'रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाई पर वचन न जाई' के संकल्प को जीकर दिखाया। एकल अभियान के केंद्रीय सह–अभियान प्रमुख श्री खेमानंद सापकोटा ने वर्तमान वैश्विक और आंतरिक परिदृश्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि आज समाज को एकल अभियान से जुड़ने की तीव्र आवश्यकता क्यों है।

कार्यक्रम को राष्ट्रभक्ति के रस से सराबोर करने में 'एकल सुर–ताल' की टोली का विशेष योगदान रहा। देश के विभिन्न वनांचलों से आए एकल संस्कार शिक्षा के इन कार्यकर्ताओं ने अत्यंत सुंदर और सुरीली सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। ■

निखिल यादव

नई दिल्ली के 'एकल भवन', पीतमपुरा में "एकल को जानो" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य नगरीय समाज को एकल अभियान की कार्यपद्धति, पंचमुखी शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में इसके योगदान से परिचित कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत "वन्दे मातरम" और अभियान की विकास यात्रा पर आधारित वृत्तचित्रों से हुई। मुख्य वक्ता श्री संसार चंद ने बताया कि झारखंड के 30 गांवों से शुरू हुआ यह अभियान आज देशव्यापी रूप ले चुका है। विशिष्ट अतिथि श्री निखिल यादव और श्री राजकुमार बर्थवाल ने एकल के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा पहुँचाने के इस महायज्ञ में सहयोग देने का आह्वान किया। श्री राजकुमार बर्थवाल ने कहा कि ग्रामीण एवं वनवासी बच्चों तक निःशुल्क शिक्षा पहुंचाने के इस महान कार्य में सहयोग करना सभी के लिए पुण्य एवं धर्म का कार्य है।

श्री निखिल यादव ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि अनेक लोग सेमिनारों और उद्‌बोधनों में समाज सेवा तथा राष्ट्र निर्माण की बातें करते हैं, लेकिन एकल अभियान की विशेषता यह है कि इससे जुड़े नगर संगठन, ग्राम संगठन और कार्यकर्ता इन विचारों को प्रत्यक्ष कार्यरूप में परिणत कर रहे हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि एकल का कार्य केवल विचारों या भाषण तक सीमित न रहकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचने का एक जीवंत उदाहरण है।

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री विनोद अग्रवाल और राष्ट्रीय प्रभारी श्री राजेश गोयल ने नगर और ग्रामीण समाज के बीच सेतु बनकर धर्म, संस्कृति और संस्कारों के संरक्षण में जुड़ने पर बल दिया। अंत में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री संतोष गंगवाल जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन श्री कपिल भाटिया ने किया और इसका समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। ■

संजय मालवीय
केंद्रीय प्रचार प्रमुख, एकल अभियान

EKAL RURAL IMMERSION PROGRAMME

NANAKMATTA, KHATIMA, UTTARAKHAND

The Ekal Rural Immersion Programme (ERI) successfully conducted its third Rural Immersion Programme at the Nanakmatta Sanch (cluster) in the Khatima region of Uttarakhand. ERI is a unique internship initiative of Ekal Sansthan designed to bridge the gap between academia and rural India by providing school and university students with immersive field experiences.

The programme enables students to understand rural realities, identify community needs, and contribute towards sustainable rural development through research, innovation, and social entrepreneurship. By engaging directly with village communities, participants gain insights into education, livelihoods, healthcare, skill development, agriculture, and local governance while exploring practical, research-driven solutions for rural upliftment. The initiative also nurtures socially responsible leaders committed to nation-building through experiential learning.

The participating group comprised six students from Indraprastha College for Women Sheetal Jakhar, Shubhakshi, Sonal Gupta, Saima Sheikh, Priya, and Tanisha accompanied by their Assistant Professor, Dr. Archana Kumari. They were joined by Akshay from the Institute of Information Technology & Management (IITM), Janakpuri, and Khanak from Ryan International School. The programme was coordinated on the ground by Sri Ram from Ekal, with Professor Vineet Kumar from Motilal Nehru College and Smt. Sunila Bhatia accompanying the group throughout the immersion.

Day 1: Understanding Rural Development Initiatives

The participants departed from Delhi in the morning and reached Nanakmatta in the afternoon, where they received a traditional welcome with floral garlands and a portrait of Swami Vivekananda.

